छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
फरवरी-मार्च, 2024 सत्र

मंगलवार, दिनांक 27 फरवरी, 2024

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

राजनांदगांव जिला में ठेकेदारों को मुरूम परिवहन हेतु प्रदत्त अनुमति

[खनिज साधन]

1. (*क्र. 2419) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या राजनांदगांव जिला में वर्ष 2020-21 से प्रश्नावधि तक सड़क, पुलिया एवं भवन निर्माण हेतु ठेकेदारों को मुरूम परिवहन हेतु अनुमति प्राप्त हुई है? यदि हां, तो अनुमति दिनांक, स्थानों का नाम व कितनी मात्रा (क्यूबिक मी.) की अनुमति जारी कियी गयी है तथा उक्त वर्षो में अवैध मुरूम एवं पत्थर, रेत उत्खनन के कितने प्रकरण दर्ज किये गये? वर्षवार, प्रकरणवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां। विस्तृत जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। प्रश्नाधीन अवधि में अवैध मुरूम/पत्थर/रेत उत्खनन के 70 प्रकरण दर्ज किये गये है। वर्षवार एवं प्रकरणवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मोजर वेयर पावर प्लांट की स्थापना

[ऊर्जा]

2. (*क्र. 1677) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मोजर वेयर पावर प्लांट स्थापना के लिए राज्य शासन और संबंधित पावर प्लांट के प्रवर्तक के मध्य कब एम.ओ.यू. हुआ था? कृपया जानकारी देवें? **(ख)** उक्त एम. ओ. यू. के अनुसार कब तक पावर प्लांट की स्थापना एवं उत्पादन कार्य शुरू किया जाना था ? **(ग)** प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार यदि समय-सीमा में स्थापना एवं उत्पादन कार्य शुरू नहीं किया जा सका है तो क्या शासन प्रभावित किसानों की अधिग्रहित जमीन को वापस करेगा? यदि हां तो कब तक और नहीं तो क्यों, कृपया अवगत कराएंगे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एम.ओ.यू. दिनांक 04.09.2008 को सम्पन्न हुआ था। **(ख)** उक्त एम.ओ.यू. के उपरांत दिनांक 30.08.2010 को इम्प्लीमेंटेशन एग्रीमेंट निष्पादित हुआ जिसके अनुसार पॉवर प्लांट के प्रथम यूनिट की स्थापना एवं उत्पादन का कार्य, इम्प्लीमेंटेशन एग्रीमेंट निष्पादन से 65 या 70 माह के भीतर (यूनिट आकार के आधार पर) होना प्रस्तावित था। **(ग)** उत्तरांश 'क' में उल्लेखित इकाई मेसर्स मोजर वेयर पावर प्लांट (परिवर्तित नाम मेसर्स जांजगीर थर्मल प्रोजेक्ट) को पावर प्लांट (औद्योगिक प्रयोजन) की स्थापना हेतु भूमि का आबंटन किया गया था। इकाई द्वारा परियोजना में उत्पादन प्रारंभ नहीं करने के कारण विभाग द्वारा आबंटित भूमि का अधिपत्य दिनांक 08.06.2020 को वापस प्राप्त कर लिया गया है तथा यह भूमि विभाग के लैंड बैंक में संधारित है। अतः औद्योगिक प्रयोजन हेतु अधिग्रहित भूमि किसानों को वापस करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारियों के विरूद्ध फर्जी जाति के मामले

[सामान्य प्रशासन]

3. (*क्र. 599) श्री आशा राम नेताम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय विभागों में कार्यरत कितने अधिकारी /कर्मचारियों के विरूद्ध फर्जी जाति प्रकरण में कार्यवाही करने के लिए सबंधित विभाग को पत्र प्रेषित किया गया है? वर्तमान में कितने अधिकारी/ कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही लंबित है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

4. (*क्र. 2005) श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी एवं कितने मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं ? **(ख)** इनमे से कितने केंद्र स्वयं के शासकीय भवन में संचालित हैं ? **(ग)** इन आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित रेडी-टू-इट का संचालन किन समूहों के द्वारा किया जा रहा है? विकासखंडवार जानकारी देवें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में 868 आंगनबाड़ी एवं 92 मिनी आंगनबाड़ी कुल 960 केन्द्र संचालित है। **(ख)** इनमें से 690 आंगनबाड़ी एवं 59 मिनी आंगनबाड़ी कुल 749 केन्द्र स्वयं के शासकीय भवन में संचालित है। **(ग)** इन आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों में संचालित रेडी-टू-ईट का संचालन समूहों के द्वारा नहीं किया जा रहा है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

जिला दंतेवाड़ा के जिला खनिज न्यास निधि की राशि का उपयोग

[खनिज साधन]

5. (*क्र. 2277) श्री चैतराम अटामी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला खनिज न्यास निधि के व्यय हेतु क्या नियम/मापदंड हैं? नियमावली उपलब्ध करावें । **(ख)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से प्रश्नांकित दिनांक तक ज़िला-दक्षिण बस्तर, दंतेवाड़ा को जिला खनिज न्यास निधि मद में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई तथा उससे किस-किस मद में, कितना-कितना व्यय किया गया? वर्षवार, मदवार जानकारी उपलब्ध करावें । **(ग)** प्रश्नांश "ख" के जिला खनिज न्यास निधि से, कितनी राशि आबंटित की गई तथा उनके द्वारा कितना व्यय किया गया? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें। **(घ)** क्या प्रश्नांश "ग" की प्राप्त राशि को निर्माण/मरम्मत कार्यों तथा सामग्री खरीदी हेतु भी व्यय किया गया? यदि हाँ, तो कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी ? वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला खनिज न्यास निधि का व्यय ''छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015'' में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। नियमावली **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से 31 जनवरी, 2024 तक जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को जिला खनिज न्यास निधि मद में वर्षवार प्राप्त राशि की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। मद/सेक्टरवार व्यय राशि की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है।**(ग)**प्रश्नांश ''ख'' के जिला खनिज न्यास निधि से आबंटित/स्वीकृत राशि एवं व्यय राशि की वर्षवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द''** अनुसार है।**(घ)** जी हां। निर्माण/मरम्मत कार्यों तथा सामग्री खरीदी पर व्यय किया गया है। वर्षवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-इ''** अनुसार है।

जिला- जशपुर में संचालित भवन-विहीन आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

6. (*क्र. 1250) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला-जशपुर में कितने आंगन बाड़ी केन्द्र संचालित हैं? इनमें कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन-विहीन हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : जिला-जशपुर में 2933 आंगनबाड़ी एवं 1374 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र कुल 4307 केन्द्र संचालित है। इनमें से 277 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 1288 मिनी आंगनबाड़ी कुल 1565 केन्द्र भवन विहीन हैं।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में ए.पी.एल., बी.पी.एल. हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

7. (*क्र. 2481) श्री ललित चंद्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंर्तगत प्रत्येक ए.पी.एल., बी.पी.एल. कार्डधारी हितग्राही को कितने लीटर केरोसिन वितरण किए जाने का निर्धारण किया गया है? **(ख)** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंर्तगत प्रत्येक ए.पी.एल., बी.पी.एल. कार्डधारी को शासन द्वारा कितने प्रकार के खाद्यान्न का वितरण किस दर से किया जाता है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिकता एवं अन्त्योदय राशनकार्डधारियोंको प्रतिमाह अधिकतम 02 लीटर केरोसिन की पात्रता निर्धारित की गई है। सामान्य(एपीएल) राशनकार्डधारियों को केरोसिन की पात्रता नहीं हैं। **(ख)** दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो में खाद्यान्न वितरण की मात्रा एवं दर की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है ।**
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिलान्तर्गत संचालित रेत खदान

[खनिज साधन]

8. (*क्र. 2444) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में रेत की कितनी खदानें संचालित हैं, कृपया विकासखण्डवार जानकारी दें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही अंतर्गत वर्तमान में कोई रेत खदान संचालित नहीं है। अतः शेष जानकारी निरंक है।

बिलासपुर संभाग अंतर्गत रेत उत्खनन एवं भंडारण

[खनिज साधन]

9. (*क्र. 1595) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर संभाग अंतर्गत मार्च, 2020 से अगस्त 2023 तक रेत उत्खनन हेतु कहां-कहां, कितने-कितने अवधि के लिए, किन-किन को, किस-किस दर पर रेत उत्खनन एवं भंडारण हेतु अनुमति प्रदान की गयी है, वर्षवार विवरण देवें ? **(ख)** कंडिका "क" के तहत् प्रदत्त अनुमति से रेत उत्खनन एवं भंडारण से कुल कितनी रॉयल्टी प्राप्त हुई है, वर्षवार विवरण देवें? **(ग)** क्या कंडिका "क" के क्षेत्र में उक्त अवधि के दौरान अवैध उत्खनन एवं अवैध भंडारण की शिकायतें प्राप्त हुई हैं या कोई कार्यवाही की गई है, विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बिलासपुर संभाग अंतर्गत 01 मार्च, 2020 से अगस्त 2023 तक रेत

उत्खनन हेतु एवं रेत भंडारण हेतु प्रदान की गई अनुमति की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। रेत भण्डारण हेतु कोई दर निर्धारित नहीं है। रेत उत्खनन हेतु निर्धारित सीलिंग प्राईज की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** के कॉलम-7' अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश 'क' के तहत स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्ति से किसी प्रकार की रायल्टी प्राप्त नहीं होती है। रेत उत्खनन से प्राप्त रायल्टी की वर्षवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** कंडिका ''क'' के प्रश्नाधीन अवधि के दौरान स्वीकृत क्षेत्रों से बाहर अवैध उत्खनन एवं अवैध भंडारण की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं। स्वीकृत उत्खननपट्टो के औचक निरीक्षण पर पायी गयी अनियमतताओं पर पर की गई कार्यवाही की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-स''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

रेडी टू ईट योजना संबंधी

[महिला एवं बाल विकास]

10. (*क्र. 2468) श्रीमती भावना बोहरा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-कबीरधाम में पूरक पोषण आहार रेडी टू ईट बनाए जाने हेतु कुल कितने केंद्र स्थापित हैं? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** कबीरधाम जिले में किन-किन समूहों द्वारा रेडी टू ईट योजना संचालित है? विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ग)** कबीरधाम जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को कौन-कौन से पौष्टिक आहार दिए जा रहे हैं ? इस हेतु शासन द्वारा कितनी राशि स्वीकृत की गई है? विकासखंडवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश ''क'' की **जानकारी निरंक** है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिप्रेक्ष्य में **जानकारी निरंक है**। **(ग)** कबीरधाम जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत 06 माह से 03 वर्ष आयु के बच्चों को रेडी टू ईट (टेकहोम राशन के रूप में) व 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों को नाश्ता एवं गर्म भोजन एवं मुख्यमंत्री सुपोषण योजना अंतर्गत 01 से 03 वर्ष के कुपोषित बच्चों को गर्म भोजन तथा 01 से 06 वर्ष के कुपोषित बच्चों को चिक्की का वितरण किया जा रहा है। प्रश्नांश ''ग'' की शेष **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

देशी व अंग्रेजी शराब की आपूर्ति, ओवर रेट व अवैध विक्रय पर कार्यवाही

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

11. (*क्र. 2311) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में दिनांक 1.1.2019 से 30.11.2023 तक देशी एवं अंग्रेजी शराब की आपूर्ति कितनी-कितनी मात्रा में किस-किस डिस्टलरी से, किस-किस दर पर की गई? जिलेवार जानकारी दें? **(ख)** प्रदेश में अधिक दरों पर शराब बेचने, मिलावटी शराब बेचने , अन्य प्रदेशों की एवं अवैध शराब बेचने के कितने-कितने प्रकरण प्रश्नांक 'क' में उल्लेखित अवधि में दर्ज किये गये? कितनी कालातीत शराब/बियर नष्ट की गई? जिलेवार शराब की मात्रा सहित जानकारी उपलब्ध करावें ? **(ग)** प्रश्नांश 'ख' के प्राप्त प्रकरणों में दोषियों पर क्या कार्यवाही की गई? जिलेवार जानकारी उपलब्ध करावें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में दिनांक 01.01.2019 से 30.11.2023 तक देशी एवं अंग्रेजी शराब की आपूर्ति की मात्रा, प्रदायकर्ता इकाई एवं क्रय दर की जिलेवार एवं वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र अ एवं ब** अनुसार है। **(ख)** "प्रश्नांश-क" अवधि में प्रदेश में अधिक दर पर शराब बेचने, मिलावटी शराब बेचने, अन्य प्रदेशों की एवं अवैध शराब बेचने के दर्ज प्रकरणों की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र स, द, इ एवं ई** अनुसार है। उपरोक्त अवधि में कालातीत शराब/बियर नष्ट की गई शराब की मात्रा की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र फ** अनुसार है। **(ग)** "प्रश्नांश-ख" के प्राप्त प्रकरणों में दोषियों पर की गई कार्यवाही की जिलेवार, वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे**प्रपत्र स, द, इ एवं ई**अनुसार है।

जिला महासमुंद में फोरलेन सड़क निर्माणकर्ता कंपनी के खिलाफ अवैध उत्खनन के दर्ज प्रकरण

[खनिज साधन]

12. (*क्र. 2488) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला महासमुंद अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 53 फोरलेन सड़क निर्माता कंपनी मेसर्स बी.एस.सी.पी.एल. कंपनी के विरूद्ध प्रश्नावधि तक कितने प्रकरण अवैध उत्खनन के दर्ज किए गए हैं ? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' में अवैध उत्खनन के दर्ज मामलों में से कितनी राशि का अर्थदण्ड आरोपित किया गया है? वर्षवार जानकारी बताएं? **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' में आरोपित अर्थदण्ड की राशि में से कितनी राशि वसूल की गई ? कितनी राशि वसूली हेतु शेष है ? शेष राशि वसूली हेतु क्या-क्या कार्रवाई की गई या की जा रही है ? जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला महासमुंद अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रं. 53 फोरलेन सड़क निर्माता कंपनी मेसर्स बी.एस.सी.पी.एल. कंपनी के विरूद्ध प्रश्नावधि तक अवैध उत्खनन के कुल 27 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। वर्षवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांश ''क'' में अवैध उत्खनन के कुल दर्ज 27 प्रकरणों में कुल राशि 6 करोड़ 51 लाख 60 हजार 940 रूपये आरोपित अर्थदण्ड की वर्षवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र के कालम नंबर 5''** में दर्शित है। **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' में आरोपित अर्थदण्ड की राशि में से कुल राशि 77 लाख 40 हजार 860 रूपये वसूल किया जा चुका है एवं वसूली हेतु शेष राशि **''संलग्न प्रपत्र के कालम नंबर 7''** में दर्शित है। वसूली हेतु संबंधित को निर्देश जारी किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

अविभाजित राजनंदगांव जिले में संचालित क्रेशर प्लांट

[खनिज साधन]

13. (*क्र. 2433) श्री भोलाराम साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अविभाजित राजनांदगांव जिले में वर्तमान में कहां-कहां पर क्रेशर प्लांट, किन-किन नाम व फर्म के नाम से संचालित हैं? जिलेवार, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** क्रेशर प्लांट से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के संबंध में अनुज्ञाधारी एवं राज्य शासन द्वारा रोकथाम के क्या-क्या उपाय किए गए हैं एवं उसका पर्यवेक्षण किस अधिकारी के द्वारा किया गया है ? किन-किन पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है? बतायें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) अविभाजित राजनांदगांव जिले में कुल 82 क्रेशर संचालित है, जिसमें से 35 क्रेशर उत्खनिपट्टा क्षेत्र में तथा शेष 47 क्रेशर भण्डारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में स्थापित किया गया है। जिलावार, विकासखण्डवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)**क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल जिला दुर्ग द्वारा क्रेशर प्लांट में प्रदूषण की रोकथाम हेतु वॉयब्रेटरी स्क्रीन को जी.आई. शीट से कव्हर्ड किया जाना तथा फयूजिटिव उत्सर्जन के नियंत्रण हेतु जल छिडकाव की व्यवस्था किया जाना आवश्यक बताया गया है। क्रेशर प्लांट के निरीक्षण की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है। निरीक्षण में कोई अनियिमितता न पाये जाने के फलस्वरूप की गई कार्यवाही की जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

14. (*क्र. 2357) श्री मोतीलाल साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने शासकीय उचित मूल्य की दुकानें किन-किन संस्था अथवा समूहों के द्वारा, संचालित की जा रही हैं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' अनुसार उन संचालकों के विरूद्ध प्राप्त शिकायतों में कितनी शिकायतें सही पाई गईं और क्या कार्यवाही की गई?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)रायपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में वर्तमान में 85 शासकीय उचित मूल्य दुकानेंसंचालित है, जिसमें से 66 उचित मूल्य दुकानें सहकारी समिति द्वारा, 17 उचित मूल्यदुकानें महिला स्व-सहायता समूह द्वारा एवं 02 उचित मूल्य दुकानें ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही है।**(ख)**रायपुर विधान सभा क्षेत्र में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विरूद्ध वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 15.02.2024 तक प्राप्त 21 शिकायतों की जांच में कोई भी शिकायत सही नहीं पाई गई है, अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

प्रदेश में संचालित लौह अयस्क खदानें

[खनिज साधन]

15. (*क्र. 2439) श्री किरण देव (श्री धरमलाल कौशिक) : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** राज्य में लौह अयस्क की कितनी खदानें कहां-कहां संचालित हैं? क्या वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के मध्य लौह अयस्क खदान आबंटन हेतु कोई निविदा जारी की गई ? यदि हाँ, तो कब-कब, कौन-कौन सी खदानों के लिए? निविदा में कितने एवं किन-किन के द्वारा भाग लिया गया? खदानें किन-किन को, किस-किस दर पर, आबंटित की गई ? कंपनी / फर्म/खदान के नाम सहित जानकारी उपलब्ध करावें **(ख)** प्रश्नांश "क" के आबंटित कितने खदानों में खनन कार्य प्रारंभ हो गया है ? खनन प्रारंभ कितने खदानों में अवैध उत्खनन की कितनी-कितनी शिकायतें, प्राप्त हुई एवं प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) राज्य में संचालित कुल 19 लौह अयस्क खदानों की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। जी हां, वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के मध्य लौह अयस्क खदान आबंटन हेतु जारी निविदा की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' के परिपे्रक्ष्य में वर्ष 2019 से वर्ष 2023 के मध्य आबंटन हेतु निविदा प्रकाशित लौह अयस्क खदानों में से किसी भी खदान में खनन कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। किसी भी प्रकरण में अवैध उत्खनन की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

छत्तीसगढ़ में खनिज न्यास का गठन

[खनिज साधन]

16. (*क्र. 2265) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में खनिज न्यास का किन-किन जिलों में गठन किया गया है? 1 जनवरी 2021 से दिसंबर 2023 तक डी.एम.एफ. फंड में कितनी राशि प्राप्त हुई है? जिलेवार व वर्षवार विवरण प्रदान करें। **(ख)** डी.एम.एफ. फंड का उपयोग करने का नियम क्या है? एवं उक्त फंड का उपयोग जिला-रायपुर में प्रश्नांश अविध में विभागवार, किस-किस कार्य में किया गया, कृपया जानकारी देवें। **(ग)** क्या डी.एम.एफ. फंड के दुरूपयोग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो की गई कार्यवाही सहित विवरण देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त 33 जिलों में जिला खनिज संस्थान न्यास का गठन किया जा चुका है। 01 जनवरी, 2021 से दिसम्बर, 2023 तक डीएमएफ. फंड में प्राप्त राशि की जिलेवार व वर्षवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)** डी.एम.एफ. फंड का उपयोग ''छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015'' में निहित प्रावधानों के अनुसार किया जाता है। जिला-रायपुर में प्रश्नांश अवधि में विभागवार स्वीकृत कार्यों की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांश ''ख'' में स्वीकृत कार्यों के दुरूपयोग के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र में विद्युतीकरण कार्य

[ऊर्जा]

17. (*क्र. 1689) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षों में किन-किन ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य किया गया है?

जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने ग्राम, पारा, टोला, मोहल्लों तक विद्युतीकरण कार्य नहीं हो पाया है? **(ख)** कब तक विद्युतीकरण कार्य पूर्ण कर लिए जाएँगे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) धरमजयगढ़ विधान सभा क्षेत्र में विगत 03 वर्षों में पूर्व में सोलर से विद्युतीकृत 01 ग्राम रामपुर को ग्रिड माध्यम से विद्युतीकृत किया गया है। जनवरी 2024 की स्थिति में अविद्युतीकृत ग्राम-निरंक है तथा 08 ग्रामों के 08 मोहल्लों (नवीन बसाहट) में विद्युतीकरण का कार्य शेष है। **(ख)** ग्राम जमरगीडीह के मोहल्ला रामनगर में डिपोजिट योजना (डीएमएफ) के तहत् कार्य प्रगति पर है तथा शेष 07 मोहल्लों के विद्युतीकरण हेतु प्रस्ताव भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय को प्रेषित किया गया है। विद्युतीकरण की निर्धारित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

राशन दुकानों द्वारा अनाज आबंटन

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

18. (*क्र. 1546) श्री अजय चंद्राकर : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019-20 से 2023-24 में 30 जनवरी, 2024 तक राशन दुकानों में कौन-कौन से अनाज, कितनी-कितनी मात्रा में, किस दर पर, किन-किन श्रेणी के कितने कार्डधारियों को, कौन सी योजना के तहत् मासिक/वार्षिक वितरित किये गये ? वर्षवार बतायें ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' राशन दुकानों में वितरित करने के बाद बचे हुये अनाज को क्या किया गया ? यदि उस अनाज को पुनः अगले माह में वितरित किया गया, तो इसके लिये शासन का क्या नियम-निर्देश बनाया गया है ? यदि शासन द्वारा कोई भी नियम-निर्देश नहीं बनाया गया है तो किस आधार पर राशन दुकानदारों द्वारा वितरण किया गया ? क्या यह नियम विरूद्ध है ? यदि हां तो किनके ऊपर क्या कार्यवाही की गयी ? **(ग)** क्या प्रश्नांश ''ख'' बचे हुये अनाज की वसूली के लिये सरकार द्वारा कोई नियम-निर्देश बनाया गया है? यदि हां, तो क्या तथा अब तक, कितने राशन दुकान संचालकों के ऊपर कार्यवाही की गयी है ?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) जानकारी एकत्रित की जा रही है। (ख) उचित मूल्य दुकानों में प्रश्नांकित अवधि में प्रत्येक माह का बचत अनाज स्टॉक टेबलेट/ई-पॉस में वितरण योग्य मात्रा के रूप में उपलब्ध रहता है, जिसके आधार पर दुकान संचालक द्वारा आगामी माह मे इसे वितरित कर सकता है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता। **(ग)** उचित मूल्य दुकान में बचे हुए स्टॉक की दुकान संचालनकर्ता द्वारा दुरूपयोग करने की स्थिति में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के खंड 16 (7) के प्रावधान अनुसार ऐसे स्टॉक की वसूली दोषी पाये गये व्यक्ति से प्रचलित बाजार मूल्य पर आर्थिक लागत, जो भी अधिक हो, भू-राजस्व के बकाया के रूप में वसूल किया जावेगा। माह सितम्बर 2022 के बचत स्टॉक के दुरूपयोग किये जाने के आधार पर दिनांक 15.02.2024 की स्थिति में 226 दुकानों के आबंटन को निलंबित,147 दुकानों के आबंटन को निरस्त किया गया है, 415 दुकानों के विरूद्ध वसूली हेतु आर.आर.सी. जारी की गई है एवं 23 दुकान संचालको के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करायी गयी हैं साथ ही बचत स्टॉक की अनियमितता करने वाली दुकानों के संचालको से 25,351 टन चावल,1161 टन शक्कर एवं 892 टन चना की वस्तु/राशि के रूप में वसूली की जा चुकी है।

विद्युत लाईन लॉस के कारण

[ऊर्जा]

19. (*क्र. 2414) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-जांजगीर चांपा में 2020-21 से 2022-23 तक लाईन लॉस की क्या स्थिति रही है? वर्षवार बताएं? **(ख)** 2022-23 में विद्युत संभागवार केंद्रवार लाइन लॉस कितना-कितना रहा? **(ग)** अधिक लाईन लॉस के कारण क्या-क्या है तथा उसके संबंध में क्या कार्यवाहियां की गई तथा की जा रही हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की लाईन लॉस की वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ'** अनुसार है।

(ख) संभागवार लाईन लॉस की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब'** अनुसार है तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में वितरण केन्द्रवार लाईन लॉस का संधारण नहीं किया जाता है। **(ग)** लाईन लॉस के कारणों एवं सुधार हेतु किए गए कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स'** एवं लाईन लॉस सुधार हेतु किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'द'** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

आयकर विभाग द्वारा लोकसेवकों एवं अन्य के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की अनुशंसा

[सामान्य प्रशासन]

20. (*क्र. 2400) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या आयकर विभाग की दिल्ली स्थित अन्वेषण शाखा ने छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव को दिनांक 7 अक्टूबर, 2021 को लोकसेवकों एवं अन्य के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने की अनुशंसा करते हुए कोई पत्र प्रेषित किया था ? यदि हाँ, तो पत्र की प्रति उपलब्ध करावें ? **(ख)** क्या प्रश्नांश "क" के लोकसेवकों तथा अन्य के विरुद्ध कोई विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है? यदि हाँ तो दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक की गई कार्यवाही की अद्यतन जानकारी देवें? यदि नहीं तो कारण बतावें? **(ग)** आयकर विभाग तथा अन्य केंद्रीय जाँच ऐजेन्सी द्वारा जाँच में आर्थिक अनियमितताओं तथा भ्रष्टाचार के प्रमाण पाये जाने पर राज्य शासन द्वारा दोषी लोक सेवकों के विरूद्ध कितनी समयावधि में विधिक कार्यवाही प्रारंभ किये जाने का प्रावधान है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हां, भारत सरकार के आयकर निदेशालय के पत्र दिनांक 07.10.2021 को आयकर विभाग द्वारा गोपनीय अंकित किया गया है। अतः उक्त पत्र की प्रति उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के संबंध में आयकर निदेशालय से प्राप्त पत्र के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आबकारी विभाग से तथ्यात्मक प्रतिवेदन विभागीय पत्र दिनांक 04.11.2022 के द्वारा प्राप्त करने हेतु लिखा गया था। वाणिज्यिक कर(आबकारी) विभाग द्वारा अपने पत्र दिनांक 12.12.2022 द्वारा विभाग से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। तदुपरांत विभागीय पत्र दिनांक 25.01.2023 द्वारा कृषि तथा किसान कल्याण विभाग तथा खनिज साधन विभाग से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया है तथा विभागीय पत्र दिनांक 08.08.2023 द्वारा स्मरण कराया गया है। **(ग)** आर्थिक अनियमितता तथा भ्रष्टाचार में दोषी पाए गए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के संबंध में भारत सरकार द्वारा बनाए गए अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम, 1968 तथा अखिल भारतीय सेवा, (मृत्यु सह सेवानिवृत्ति प्रसुविधाए) नियम, 1958 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा उपरोक्त नियमों में दिए गए प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाती है। समय-सीमा निर्धारित नही है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान के विरूद्ध दर्ज शिकायतों पर कृत कार्यवाही

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

21. (*क्र. 2310) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में कुल कितनी शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं ? विकासखण्डवार बतावें ? वर्ष 2022-23 से दिसबंर, 2023 तक कितनी उचित मूल्य दुकानों के विरूद्ध राशन वितरण में गड़बड़ी एवं अफरा-तफरी किये जाने की शिकायतें प्राप्त/दर्ज की गई हैं तथा उन शिकायतों का निराकरण किये जाने के लिये क्या समय-सीमा निर्धारित है ? **(ख)** प्राप्त/दर्ज शिकायतों के आधार पर कितनी मात्रा की खाद्यान्न सामग्री एवं कुल कितनी राशि की अफरा तफरी किया जाना पाया गया ? विकासखण्डवार बतावें ?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) मुंगेली विधान सभा में कुल 167 शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित हैं, जिसमें से विकासखण्ड मुंगेली में 141 एवं विकासखण्ड पथरिया में 26 उचित मूल्य की दुकानें संचालित है। प्रश्नांकित अवधि में राशन वितरण में गड़बड़ी एवं अफरा-तफरी किये जाने की कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुई थी। उक्त शिकायतों के प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली/पथरिया न्यायालय में

प्रक्रियाधीन है तथा न्यायालयीन प्रक्रिया के अधीन शिकायतों के निराकरण की समय-सीमा निर्धारित नहीं है।**(ख)** प्राप्त/दर्ज शिकायतों के आधार पर विकासखण्ड मुंगेली में कुल 1005.96 क्विंटल चावल, 22.75 क्विंटल शक्कर एवं 16.81 क्विंटल नमक की अफरा तफरी किया जाना पाया गया। अफरा-तफरी की गई खाद्यान्न सामग्री की अनुमानित राशि 37.77 लाख रूपये है। विकासखण्ड पथरिया में कुल 342.70 क्विंटल चावल, 6.67 क्विंटल शक्कर एवं 3.52 क्विंटल नमक की अफरा तफरी किया जाना पाया गया । अफरा-तफरी की गई खाद्यान्न सामग्री की अनुमानित राशि 12.81 लाख रूपये है।

जिला राजनांदगांव व खैरागढ़ में केज कल्चर योजना से लाभान्वित हितग्राही

[मछली पालन]

22. (*क्र. 1935) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मछली पालन विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजनायें संचालित की जा रही हैं? **(ख)** क्या अविभाजित राजनांदगांव जिला एवं नव निर्मित खैरागढ़ जिले में वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक केज कल्चर योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है? यदि हां, तो कितने हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मछलीपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की **जानकारी संलग्न प्रपत्र - 'अ' अनुसार है।(ख)** जी हाँ, वर्ष 2021-22 से 2023-24 (प्रश्नावधि तक) तक कुल 18 हितग्राहियों लाभान्वित किया गया है। लाभान्वित हितग्राहियों की**जानकारी संलग्न प्रपत्र - 'ब' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

राज्य शासन के अंतर्गत विमान, हेलीकॉप्टर से की गई यात्रायें

[विमानन]

23. (*क्र. 2058) श्री प्रबोध मिंज (श्री पुरन्दर मिश्रा) : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2021 से दिसम्बर, 2023 तक राजकीय विमान, हेलीकॉप्टर अथवा राज्य शासन द्वारा किराये पर लिए गए विमान या हेलीकॉप्टर का उपयोग राज्य के बाहर एवं राज्य में कितनी बार,यात्रा हेतु किया गया? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार की गई यात्राओं में एजेन्सी को कितना-कितना भुगतान यात्राओं हेतु किया गया, विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्ष 2021 से दिसम्बर, 2023 तक राजकीय विमान, हेलीकॉप्टर तथा राज्य शासन द्वारा किराये पर लिए गए विमान एवं हेलीकॉप्टर का राज्य एवं राज्य के बाहर उपयोग का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र	हेलीकॉप्टर /विमान	राज्य में यात्रा हेतु उपयोग की संख्या	राज्य के बाहर यात्रा हेतु उपयोग की संख्या	योग
1	शासकीय हेलीकॉप्टर	141	08	149
2	शासकीय विमान	31	0	31
3	निजी हेलीकॉप्टर	1501	47	1548
4	निजी विमान	54	235	289
योग		1727	290	**2017**

(ख) प्रश्नांक ''क'' के अनुसार की गई यात्राओं में एजेन्सी को किये गये भुगतान का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र	हेलीकॉप्टर /विमान	एजेन्सी का नाम	भुगतान राशि
1	निजी हेलीकॉप्टर	सीजी एविएटर रायपुर, छ0ग0	7252051
		एयर किंग चार्टर प्रायवेट लिमिटेड, नई दिल्ली	380810144
		ढ़िल्लन एविएशन प्रायवेट लिमिटेड, गुड़गांव हरियाणा	1305727157
2	निजी विमान	एयर किंग चार्टर प्रायवेट लिमिटेड, नई दिल्ली	339056021
		ढ़िल्लन एविएशन प्रायवेट लिमिटेड, गुड़गांव हरियाणा	308778305
योग			2341623678

लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में धान खरीदी केन्द्रों में प्राप्त शिकायतें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

24. (*क्र. 1906) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 में 30 जनवरी, 2024 तक किस-किस खरीदी केन्द्र में कितनी-कितनी मात्रा में धान खरीदी हुई है? किस-किस धान खरीदी केन्द्रों से किसानों का धान नहीं लेने, ज्यादा-कम तौल या अन्य किसी के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हॉ, तो किस-किस धान खरीदी केन्द्र में तथा विभाग द्वारा उन पर क्या कार्यवाही की गयी है? **(ख)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में कितनी धान खरीदी केन्द्रों का स्वयं का भवन है? कितने किराये में या अन्य शासकीय भवनों में संचालित किये जा रहे है? कितने भवनों का निर्माण कार्य जारी है या स्वीकृत हो चुके हैं?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 93604.84 टन एवं खरीफ वर्ष2023-24 में 30 जनवरी, 2024तक 1,11,405.72 टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी केन्द्रवार, खरीदी मात्रा की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** उक्त अवधि में धान उपार्जन केन्द्र कोडासिया विकास खण्ड लैलूंगा से टोकन कम काटने संबंधी 01 शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच खाद्य निरीक्षक लैलूंगासे कराई गई, जांच में शिकायत निराधार पायी गयी । **(ख)** लैलूंगा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में स्वयं के भवन एवं अन्य शासकीय भवनों में संचालित, निर्माण कार्य जारी तथा स्वीकृत हुए भवनों की जानकारी निम्नानुसार हैः-

स्वयं के भवन में संचालित केन्द्रों की संख्या	किराये में संचालित केन्द्रों की संख्या	अन्य शासकीय भवनों में संचालित केन्द्रों की संख्या	निर्माण कार्य जारी केन्द्रों की संख्या	निर्माण हेतु स्वीकृत भवनों की संख्या
0	0	9	4	2

[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

सीतापुर विधानसभा श्रेत्र में महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ सहायिका, कार्यकर्ता व रिक्त पद

[महिला एवं बाल विकास]

25. (*क्र. 2246) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विधानसभा श्रेत्र सीतापुर अंतर्गत दिसंबर, 2023 की स्थिति में कितनेआंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं? उक्त आंगनबाड़ी केंद्रों में कितने सहायिका एवं कार्यकर्ता पदस्थ हैं व कितने पद रिक्त हैं? रिक्त पदों पर भर्ती कब तक कर ली जावेगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में दिसम्बर 2023 की स्थिति में 741 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 158 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित थे। उक्त अवधि में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 710 पद भरे थे एवं 31 पद रिक्त थे, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 136 पद भरे थे एवं 22 पद रिक्त थे तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 640 पद भरे थे एवं 101 पद रिक्त थे।रिक्त पदों पर भर्ती के लिए समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

कांकेर जिले मे सोलर पंप हेतु प्राप्त आवेदन एवं प्रदाय

[ऊर्जा]

1. (क्र. 650) श्री आशा राम नेताम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2021 से लेकर दिसम्बर, 2023 तक कांकेर जिले में सोलर पंप हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए? प्रश्नांकित अवधि में कितने किसानों को किन-किन योजनाओं के अंतर्गत सोलर पंप एवं सोलर ट्यूबवेल प्रदाय किया गया ? वर्तमान में कितने सोलर पंप एवं सोलर ट्यूबवेल संचालित हैं? जिन आवेदक किसानों के सोलर पंप स्वीकृत नहीं हुए, उसका कारण क्या है? **(ख)** खराब सोलर पंप एवं ट्यूबवेल की मरम्मत हेतु शासन द्वारा क्या उपाय किये गये ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जनवरी, 2021 से लेकर दिसम्बर, 2023 तक कांकेर जिले में सौर सुजला योजना अंतर्गत सोलर पंप स्थापना हेतु 5,590 आवेदन प्राप्त हुये है। प्रश्नांकित अवधि में 5,069 किसानों को सौर सुजला योजना के अंतर्गत सोलर पम्प प्रदाय किया गया है। वर्तमान में 5,049 सोलर पंप संचालित हैं। जिन आवेदक किसानों के सोलर पंप स्वीकृत नहीं हुए उनका कारण सहित विवरण **''संलग्न प्रपत्र अ''** अनुसार है। **(ख)** खराब सोलर पम्प एवं ट्यूबवेल की मरम्मत हेतु शासन द्वारा किये जा रहे उपायों की **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र

[महिला एवं बाल विकास]

2. (क्र. 845) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं? **(ख)** संचालित केंद्रों में से कौन-कौन से केंद्र भवनविहीन हैं? **(ग)** किन -किन केंद्रों में स्मार्ट लर्निंग सुविधा उपलब्ध है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूची संलग्न प्रपत्र अनुसार है। **(ख)** संचालित केन्द्रों में से 54 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनविहीन हैं। केन्द्रवारविवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ग)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत संचालित किसी भी आंगनबाड़ी केन्द्र में स्मार्ट लर्निंग की सुविधा उपलब्ध नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत चूना पत्थर खदान

[खनिज साधन]

3. (क्र. 846) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन स्थानों पर, कितने-कितने रकबे का चूना पत्थर खदान संचालन हेतु किन-किन व्यक्ति/फर्म/कंपनी/ समिति को स्वीकृत है? कृपया स्वीकृत खदान की वैधता की अवधि की भी जानकारी देवें? **(ख)** ग्राम निसदा अंतर्गत स्वीकृत खदानों का नवीनीकरण कौन-कौन से वर्ष में किया गया तथा किन-किन खदानों का नवीनीकरण प्रक्रियाधीन है? **(ग)** क्या नवीनीकरण की प्रक्रिया में फर्जी पंचायत प्रस्तावों की कोई शिकायत प्राप्त हुई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत निम्न श्रेणी चूनापत्थर हेतु स्वीकृत खदानों के स्थान, रकबा, पट्टेधारी का नाम, अवधि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** ग्राम निसदा अंतर्गत खनिज निम्न श्रेणी चूनापत्थर की कोई खदान स्वीकृत नहीं है। अपितु खनिज फर्शीपत्थर की स्वीकृत 15 खदानों में से 03 खदानों का ही नवकरण वर्ष 2002, 2007, 2010 में किया गया है तथा छ.ग. गौण खनिज नियम 2015 में निहित प्रावधानों के तहत् नवीनीकृत खदानों सहित समस्त 15 खदानों की अवधि में खदानों की प्रथम स्वीकृति दिनांक से 30 वर्ष की अवधि हेतु विस्तारीकरण किया गया है। वर्तमान में गौण खनिज खदानों के नवीनीकरण लंबित नहीं है। **(ग)** जी नहीं। पूर्व नियमो के अधीन किये गये नवीनीकरण की प्रक्रिया में फर्जी ग्राम पंचायत प्रस्तावों की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट, बिलासपुर के विकास एवं फोर सी हेतु कृत कार्यवाही

[विमानन]

4. (क्र. 1171) श्री अटल श्रीवास्तव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर के विकास एवं फोर सी हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई है? बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास एवं फोर सी में दर्जा हेतु कितनी भूमि की आवश्यकता है? उक्त भूमि व्यवस्था हेतु क्या-क्या कार्यवाही की गई तथा सेना द्वारा अधिग्रहित भूमि को एयरपोर्ट को वापस करने हेतु क्या कार्यवाही की गई है? फोर सी कैटेगरी का दर्जा प्राप्त करने एवं विकास करने में क्या क्या समस्या आ रही है? उक्त समस्या का कब तक समाधान कर फोर सी में विकसित कर लिया जायेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर को चरणबद्ध रूप से फोर सी श्रेणी में विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में एयरपोर्ट का उन्नयन थ्री सी आई एफ आर श्रेणी अनुसार किया जा रहा है, जिसके लिए राशि रू. 23.99 करोड़ का प्रावधान किया जा कर एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का सुधार कार्य एवं एयरपोर्ट में रात्रि उड़ान सुविधा विकसित करने के लिए रनवे सुधार एवं लाईटिंग कार्य किया जा रहा है। बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास के लिए भूमि की आवश्यकता होने के कारण राज्य शासन द्वारा चकरभाठा में सेना की 1012 एकड़ भूमि प्राप्त करने के लिये भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय को राशि रू. 93.00 करोड़ का भुगतान किया गया है। राज्य शासन द्वारा एयरपोर्ट विकास हेतु पृथक से चिन्हित कर मांगे गये 286.65 एकड़ सैन्य भूमि में एयरपोर्ट विकास कार्य किये जाने की रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृति जारी की गई है।

समाज कल्याण विभागन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के हितग्राही

[समाज कल्याण]

5. (क्र. 1221) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित दिब्यांगजन, वृद्धावस्था, सामाजिक सुरक्षा, विधवा, परित्यक्ता, सुखद सहारा, मुख्यमंत्री पेशंन, और अन्य योजनाओं द्वारा कितने- कितने लोग लाभान्वित हो रहे हैं तथा उक्त योजनाओं में कितनी-कितनी राशि प्रति हितग्राही शासन द्वारा प्रदान की जा रही है? **(ख)** विगत 3 वर्षों में किस-किस पेंशन राशि में वृद्धि की गयी है ? उक्त सभी योजनाओं में केन्द्र और राज्य का अंशदान कितना-कितना है, योजनावार जानकारी प्रदान करें? **(ग)** क्या 65 वर्ष से 70 वर्ष से अधिक वृद्धों को वर्तमान में देय पेंशन राशि अधिक पेंशन राशि वितरण करने की कोई योजना पूर्ववर्ती सरकार की थी? यदि हां तो इस हेतु क्या कार्यवाही की गयी है, क्या इस हेतु कोई बजट प्रावधान किया गया था?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही तथा प्रदत्त प्रति हितग्राही पेंशन राशि की जानकारी निम्नानुसार है-

क्र.	योजना का नाम		प्रति हितग्राही प्रदत्त राशि	लाभान्वित हितग्राही
1.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	60 से 79 वर्ष आयु वर्ग हेतु	500/-प्रतिमाह	6,63,824
		80 वर्ष या अधिक आयु वर्ग हेतु	650/-प्रतिमाह	
2.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना		500/-प्रतिमाह	2,17,343
3.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना		500/-प्रतिमाह	33,629
4.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना		500/-प्रतिमाह	4,45,559
5.	सुखद सहारा योजना		500/-प्रतिमाह	2,22,884
6.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना		500/-प्रतिमाह	7,00,064
7.	राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना		20,000/एकमुश्त	5,771
योग-				**22,89,074**

(ख) विगत 3 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा योजना, मुख्यमंत्री पेंशन योजना,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना की पेंशन राशि में वृद्धि कि गयी है। इन योजनाओं में केन्द्रांश एवं राज्यांश की जानकारी निम्नानुसार है-

क्र.	योजना का नाम		प्रतिमाह प्रति हितग्राही दी जाने वाली पेंशन राशि		
			केन्द्रांश	राज्यांश	कुल
1.	सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना		-	500/-	500/-
2.	सुखद सहारा योजना		-	500/-	500/-
3.	मुख्यमंत्री पेंशन योजना		-	500/-	500/-
4.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना	60 से 79 वर्ष आयु वर्ग हेतु	200/-	300/-	500/-
		80 वर्ष या अधिक आयु वर्ग हेतु	500/-	150/-	650/-
5.	इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना		300/-	200/-	500/-

(ग) जी हाँ। पेंशन दर राशि रुपये 350/- प्रतिमाह से वृद्धि कर राशि रुपये 500/- प्रतिमाह की गयी है। जी हाँ।

सी.एस.एम.सी.एल. अंतर्गत कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसियों की अद्यतन स्थिति

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

6. (क्र. 1222) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्तमान में कितने देशी तथा विदेशी शराब दुकान प्रचलित हैं तथा कितने ऐसे दुकान है जो स्टेट हाईवे/राष्ट्रीय राजमार्गो/स्कूल/कालेज/अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में स्थित हैं इस हेतु माननीय उच्च न्यायालय के क्या दिशा-निर्देश हैं तथा क्या सभी शराब दुकानों हेतु उक्त दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है, यदि नहीं तो क्यों? **(ख)** प्रदेश में सीएसएमसीएल के अंतर्गत कहां-कहां के, कौन-कौन से प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा किन-किन जिलों में कार्य किया जा रहा है? उक्त प्लेसमेंट एजेंसियों का वर्क आर्डर कब से कब तक की अवधि का है तथा इनमें कितने स्थानीय निवासी तथा कितने प्रदेश के बाहर के कर्मचारी कार्यरत है जिलेवार विवरण प्रदान करे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में वर्तमान में 339 देशी मदिरा, 333 विदेशी मदिरा कुल 672 मदिरा दुकानें संचालित हैं। राज्य में संचालित समस्त देशी तथा विदेशी शराब दुकानों में से स्टेट हाईवे/राष्ट्रीय राजमार्गो/स्कूल/ कालेज/अस्पताल के 100 मीटर के दायरे में कुल 77 देशी तथा विदेशी शराब दुकानें संचालित हैं जानकारी संलग्न **प्रपत्र अ** अनुसार है। आबकारी अधिनियम, 1915 के अंतर्गत सामान्य प्रयोग के

नियम, किसी नगरीय निकाय (नगर निगम, नगरपालिका तथा नगर पंचायत) की परिसीमा के भीतर स्थित किसी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग के खण्ड/भाग में स्थापित/अवस्थित मदिरा दुकान पर लागू नहीं होते हैं। आबकारी अधिनियम, 1915 के अंतर्गत सामान्य प्रयोग के नियम, के अंतर्गत नियम 1 (1) **(ख)** के तहत् तथा इस संबंध में स्पष्टीकरण के अंतर्गत मदिरा दुकानों की दूरी धार्मिक/शैक्षणिक संस्था/अस्पताल से 50 मीटर या उससे अधिक होना निर्धारित थी। ऐसी मदिरा दुकानें जिनमें मदिरा के उपभोग की सुविधा न हो, उपरोक्त सामान्य प्रयोग के नियम लागू नहीं होते हैं। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर, द्वारा प्रकरण क्रमांक WPPIL No. 104/2023 Dated 12/12/2023 – In The Matter of Suo Moto Public Interest Litigation Vs. State of Chhattisgarh & Another में जारी आदेश दिनांक 04.12.2023 के अनुसार मदिरा दुकानों की धार्मिक स्थलों, विद्यालयों तथा अस्पतालों के निकट अवस्थिति के संबंध में जारी विभागीय अधिसूचना दिनांक 01.04.2015 की पुर्नसमीक्षा किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तत्संबंध में विभागीय अधिसूचना दिनांक 01.04.2015 पर पुर्नसमीक्षा उपरांत छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर के अधिसूचना क्रमांक एफ 10-9/2024/वा.क.(आब.)/पांच(30), नवा रायपुर दिनांक 12.02.2024 के अनुसार सामान्य प्रयोग के नियम में संशोधन किए गए हैं। संशोधन अनुसार सामान्य प्रयोग के नियम 1 के उपनियम (1) के खण्ड**(क)** में पूर्व में स्कूल/कालेज/अस्पताल से मदिरा दुकानों की दूरी 50 मीटर या उससे अधिक प्रावधानित को, नवीन संशोधन उपरांत स्कूल/ कालेज/अस्पताल से मदिरा दुकानों की दूरी 100 मीटर या उससे अधिक निर्धारित की गई है। अतः राज्य में संचालित 16 देशी तथा विदेशी शराब दुकानें जो स्कूल/कॉलेज/अस्पताल से 100 मीटर के भीतर संचालित है को नवीन आपत्तिरहित स्थल पर स्थानांतरित कर, संचालित किया जावेगा। **(ख)** छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी का नाम, पता एवं वर्क आर्डर अवधि की जिलेवार जानकारी संलग्न **प्रपत्र ब** अनुसार है एवं सुरक्षा एजेंसी की जानकारी संलग्न **प्रपत्र स** अनुसार है। मदिरा दुकानों में कार्यरत समस्त कर्मचारी छत्तीसगढ़ के निवासी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

जिला-जशपुर अंतर्गत खनिज रायल्टी से प्राप्त राशि का व्यय

[खनिज साधन]

7. (क्र. 1251) श्रीमती रायमुनी भगत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जशपुर जिले के अन्तर्गत वर्ष 2021 से माह मई 2023 तक खनिज रायल्टी से कितनी राशि प्राप्त हुई ? वर्षवार व स्थानवार पृथक-पृथक बतायें। **(ख)** रायल्टी से प्राप्त राशि को कितने ग्राम पंचायतों में, कितने कार्य हेतु, व्यय किया गया है? कार्य का नाम सहित व्यय की गई राशि की कार्यवार, वर्षवार पूर्ण जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जशपुर जिले के अन्तर्गत वर्ष 2021 से माह मई 2023 तक खनिज रायल्टी से कुल राशि 7 करोड 45 लाख 91 हजार 671 रूपये प्राप्त हुई है। वर्षवार व स्थानवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** उपरोक्त प्राप्त खनिज राजस्व, राज्य की संचित निधि में जमा है। प्रश्नाधीन अवधि में गौण खनिज से प्राप्त रायल्टी राशि का संवितरण त्रिस्तरीय पंचायतों को वितरण किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतः प्रश्न उपस्थित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा स्टोर कीपर की भर्ती

[सामान्य प्रशासन]

8. (क्र. 1340) श्री रोहित साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन क्रमांक 01/2018/परीक्षा दिनांक 11/01/2018 के तहत स्टोर कीपर पद के लिए क्या शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता वांछित थी? क्या अन्य विभागों में भी इस पद के लिए इतनी ही योग्यता मांगी जाती है? **(ख)** क्या उक्त भर्ती विज्ञापन में कोई संशोधन कर शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता

में परिवर्तन किया गया? उक्त परीक्षा में प्रथम स्थान किस अभ्यर्थी ने प्राप्त किया? क्या प्रथम स्थान प्राप्त अभ्यर्थी का चयन हुआ? **(ग)** क्या परीक्षा में चयनित समस्त अभ्यर्थियों की शैक्षणिक अर्हता वांछित योग्यता के अनुरूप थी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय/मुक्त विश्वविद्यालय से स्टोर कीपिंग में प्रथम श्रेणी में उपाधि। अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड विश्वविद्यालय/मुक्त विश्वविद्यालय से किसी विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि तथा स्टोर कीपिंग में डिप्लोमा। जी नहीं।**(ख)** जी नहीं। उक्त परीक्षा में प्रथम स्थान श्री डेकेश्वर प्रसाद वर्मा ने प्राप्त किया। चूंकि श्री वर्मा प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि धारित नहीं थे। अतः इनका चयन नहीं हुआ है।**(ग)** जी नहीं। परीक्षा में चयनित सभी अभ्यर्थी स्नातक उपाधि धारित थे किन्तु कोई भी अभ्यर्थी स्टोर कींपिग में उपाधि धारी/डिप्लोमा धारी नहीं था। आयोग द्वारा इस संबंध में विश्वविद्यालय से अभिमत लिया गया। अभिमत अनुसार स्टोर कींपिग की डिग्री या डिप्लोमा की उपाधि नहीं दी जाती, किन्तु मैनेजमेंट में डिप्लोमा या मटेरियल मैनेजमेंट विषय के साथ डिग्री या डिप्लोमा की उपाधि प्रदाय किये जाने का अभिमत दिया गया है। तद्नुसार प्रथम श्रेणी में स्नातक एवं मटेरियल मैनेजमेंट में डिप्लोमा धारी का चयन किया गया। इस संबंध में प्रकरण क्रमांक WP(S) No. 2002/2019 श्री डेकेश्वर प्रसाद वर्मा विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन एवं अन्य माननीय उच्च न्यायालय में लंबित है।

तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विद्युत संचालित सब स्टेशन

[ऊर्जा]

9. (क्र. 1596) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अगस्त, 2023 की स्थिति में कितने विद्युत सबस्टेशन संचालित हैं, एवं निर्माण के लिए कितने प्रस्तावित हैं, विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका ''क'' के तहत ग्राम विजयपुर में विद्युत सबस्टेशन का प्रस्ताव लंबित है? विजयपुर में विद्युत सबस्टेशन कब तक स्वीकृत हो जायेगा, विवरण देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत माह अगस्त 2023 की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के 33/11 के.व्ही. के 20 सबस्टेशन संचालित है एवं 04 नये सबस्टेशन निर्माण हेतु प्रस्तावित हैं। स्थलवार **जानकारी क्रमशः संलग्न प्रपत्र 'अ' एवं 'ब'** अनुसार है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा माह अगस्त 2023 की स्थिति में 02 नग 132/33 के.व्ही अतिउच्चदाब सबस्टेशन ग्राम चकरभाठा एवं तखतपुर में संचालित है तथा ग्राम हॉफा में 01 नग 132/33 के.व्ही. अतिउच्चदाब का सबस्टेशन निर्माण हेतु प्रस्तावित है। **(ख)** जी हां। कण्डिका ''क'' के तहत ग्राम विजयपुर में नवीन 33/11 के.व्ही. विद्युत सबस्टेशन निर्माण का प्रस्ताव आर.डी.एस.एस. योजनांतर्गत स्वीकृति हेतु भारत सरकार को प्रेषित किया गया है, स्वीकृति की समय सीमा बता पाना संभव नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

जिला महासमुंद में परिवहन विभाग द्वारा राजस्व की वसूली

[परिवहन]

10. (क्र. 1614) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला महासमुन्द में परिवहन विभाग द्वारा कितने हलके व् व्यावसायिक भरी वाहनों का पंजीयन वर्ष 2022-23 में हुआ? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के अनुसार परिवहन विभाग के द्वारा हलके व् भारी वाहनों से पंजीयन व् रोड टेक्स के लिए किन-किन स्थानों पर निरीक्षण किया गया? उनसे कितनी राजस्व राशि की वसूली की गयी? **(ग)** यदि कहींअगर अवैध वसूली की शिकायत प्राप्त हुई हो तो उन पर क्या कार्यवाही की गयी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला महासमुन्द में विभाग द्वारा प्रश्नांकित अवधि में 452 हल्के व 238 व्यावसायिक भारी वाहनों का पंजीयन किया गया है।**(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार। **(ख)** कोई शिकायत प्राप्त नही हुई हैं। अतः कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नही होता है।**[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]**

राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो द्वारा मारे गये छापे में प्राप्त संपत्ति/राशि

[सामान्य प्रशासन]

11. (क्र. 1661) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2020 से 2023 तक राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के यहां मारे गये छापे में किसके-किसके पास, कितनी-कितनी राशि एवं अन्य संपत्ति प्राप्त हुई हैं? **(ख)** उपरोक्त ''क'' वर्णित अधिकारियों पर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्ष 2020 से 2023 तक राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो द्वारा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के यहां मारे गये छापो की जानकारी निरंक है। **(ख)** प्रश्नांश **(क)** के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में रेत खनन की अनुमति

[खनिज साधन]

12. (क्र. 1662) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र में विभाग द्वारा वर्ष 2020 से 2023 तक कुल कितने स्थानों में रेत खनन् की अनमुति दी गई एवं इनका संचालन कितने द्वारा किया जा रहा है, विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्रागतर्गत विभाग द्वारा कुल कितने स्थानों में पत्थर खदान की अनुमति दी गई है, इनमें से कितनी खदान लीज पद दी गई है और कितनी खदान बिना लीज के संचालित हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) सिहावा विधानसभा क्षेत्र में विभाग द्वारा वर्ष 2020 से 2023 तक कुल 10 स्थानों पर रेत खनन की अनुमति दी गई थी, जिनमें से ग्राम सोनेवारा, विकासखण्ड मगरलोड की 01 रेत खदान श्री राहुल वरदीयानी द्वारा वर्तमान में संचालित की जा रही है, शेष रेत खदानो की अवधि समाप्त हो गई है। विकासखण्डवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत विभाग द्वारा कुल 03 स्थानों पर पत्थर उत्खननपट्टा स्वीकृत किया गया है। बिना लीज के कोई भी खदान संचालित नहीं है। विकासखण्डवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

जिला सक्ती के ग्राम पंचायतों में संचालित ईट एवं पत्थर खदान

[खनिज साधन]

13. (क्र. 1678) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला सक्ती अंतर्गत कितनी ग्राम पंचायतों में पत्थर खदान, ईट भट्टा एवं रेत खनन कार्य किया जा रहा है? ग्राम पंचायतवार जानकारी दी जावे। **(ख)** क्या उक्त खदानों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत से अनुमति ली गई है? यदि हां, तो कितनी पंचायतों से अनुमति ली गई, कृपया पंचायतवार जानकारी प्रदान की जावे?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला सक्ती अतंर्गत वर्तमान मे रेत खनन हेतु कोई उत्खनन पट्टा स्वीकृत नही हैं। पत्थर एवं मिट्टी (ईट निर्माण) हेतु 17 ग्राम पंचायतों में उत्खननपट्टा स्वीकृत है। ग्राम पंचायतवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जी नही। जिला सक्ती गैर अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अतः उत्खनन पट्टा स्वीकृति के पूर्व ग्राम पंचायत की अनुमति लेने की अनिवार्यता नहीं है।

लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में आगंनबाड़ियों का संचालन

[महिला एवं बाल विकास]

14. (क्र. 1907) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कितनी आंगनबाड़ियां, मिनी आंगनबाड़ियां संचालित हो रही है? उक्त आंगनबाड़ियों को किस-किस पद के कितनी कर्मचारी संचालित कर रहे हैं तथा किस-किस स्थान में कितने पद रिक्त हैं? **(ख)** क्या नियम विरूद्ध आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका की भर्ती की शिकायत विभाग को प्राप्त हुई है? यदि हॉ, तो क्या कार्यवाही की गयी है? **(ग)** रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जावेगी ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 652 आंगनबाड़ी केन्द्र एवं 142 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। उक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 626 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 563 सहायिका एवं 131 मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संचालित कर रहे हैं। कुल 126 रिक्त पदों की स्थानवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** जी हां। एक शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत का परीक्षण किया जा रहा है। **(ग)** रिक्त पदों की पूर्ति हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

श्रम आयुक्त दर/कलेक्टर दर पर कार्यरत श्रमिकों का नियमितिकरण

[सामान्य प्रशासन]

15. (क्र. 1912) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- श्रम आयुक्त दर/कलेक्टर दर पर नियुक्त श्रमिकों का स्थाईकरण अथवा नियमितिकरण की क्या योजना है तथा कब तक नियमितिकरण होगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : श्रम आयुक्त दर/कलेक्टर दर पर नियुक्त श्रमिकों का स्थाईकरण अथवा नियमितिकरण के संबंध में शासन द्वारा प्रमुख सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रदेश में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

16. (क्र. 1924) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिले में वर्ष 2023-24 में दिनांक 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में धान बेचने के लिए कितने किसानों ने पंजीयन कराया है? इसमें कुल पंजीकृत रकबा कितना है ? **(ख)** विगत वर्ष 2022-23 में धान बेचने के लिए कितने किसानों ने पंजीयन कराया था ? **(ग)** क्या किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है? यदि हॉ, तो प्रश्नावधि तक कुल कितने किसानों से कितने मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है? **(घ)** क्या किसानों से प्रति क्विंटल 3100 रूपये में धान की खरीदी की जा रही है? तो क्या केन्द्र सरकार के समर्थन मूल्य के दर पर खरीदी की जा रही है ? यदि हॉ तो अंतर की राशि किसानों को कब तक भुगतान करेंगे ? समय सीमा बताएं ?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) रायगढ़ जिले में वर्ष 2023-24 में दिनांक 31 जनवरी 2024 की स्थिति में धानबेचने के लिए पंजीकृत 83,056 किसानों का कुल पंजीकृत रकबा 1,27,356.48 हेक्टेयर है **(ख)** विगत खरीफ वर्ष 2022-23 में धान बेचने के लिए 76,813 किसानों ने पंजीयनकराया था।**(ग)**जी हॉ, प्रश्नावधि तक कुल 72,371 किसानों से 5,24,875.08 मीट्रिक टन धान कीखरीदी की जा चुकी है।**(घ)**प्रदेश में किसानों से केन्द्र सरकार के समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता।

रामपुर विधानसभा श्रेत्रांतर्गत किसानों को विद्युत कनेक्शन की स्वीकृति

[ऊर्जा]

17. (क्र. 2023) श्री फूलसिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रामपुर विधानसभा क्षेत्र में जनवरी 2022 से जनवरी,2024 तक कितने किसानों को सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन देने के लिए कितने प्रकरण स्वीकृत हैं ? कितने किसानों के प्रकरण पिछले दो वर्षों से लंबित हैं एवं कितने किसानों के आवेदन अस्वीकृत किए गए ? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत कितने किसानों को अभी तक विद्युत कनेक्शन प्राप्त हुआ और शेष किसानों को कब तक सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जाएगा ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन देने के लिए 152 प्रकरण स्वीकृत किये गये हैं। पिछले 02 वर्षों से लंबित आवेदनों एवं अस्वीकृत आवेदनों की संख्या निरंक है। **(ख)** उत्तरांश 'क' में स्वीकृत हुए 90 आवेदनों को विद्युत कनेक्शन प्रदान किया गया है, शेष 62 आवेदकों के कनेक्शनों को शीघ्र पूर्ण किये जाने का प्रयास किया जावेगा।

जिला-सरगुजा अंतर्गत डी.एम.एफ. राशि का उपयोग

[खनिज साधन]

18. (क्र. 2061) श्री प्रबोध मिंज : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश के किन जिलों में जिला खनिज न्यास का गठन किया गया है? 1 जनवरी 2021 के बाद इन जिलों में डीएमएफ फंड में कितनी राशि प्राप्त हुई है? वर्षवार, जिलेवार बतायें? **(ख)** उक्त फंड का उपयोग करने के क्या नियम हैं? उक्त फंड का उपयोग जिला-सरगुजा में विभागवार, कार्यवार, राशिवार किस प्रकार किया गया जानकारी देवें? **(ग)** क्या डीएमएफ फंड के दुरुपयोग के संबंध में जिला सरगुजा स्तर पर शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों में जिला खनिज संस्थान न्यास का गठन किया जा चुका है। 01 जनवरी 2021 से दिसम्बर 2023 तक डीएमएफ फंड में प्राप्त राशि की वर्षवार व जिलेवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)** डी.एम.एफ. फंड का उपयोग ''छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015'' अनुसार किया जाता है। जिला-सरगुजा में 01 जनवरी 2021 से दिसम्बर 2023 तक विभागवार, कार्यवार एवं स्वीकृत राशि की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में डीएमएफ फंड के दुरूपयोग के संबंध में जिला सरगुजा स्तर पर प्राप्त शिकायत एवं कार्यवाही की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है।

रामपुर-विधानसभा श्रेत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाएं एवं कृत कार्यवाही

[सामान्य प्रशासन]

19. (क्र. 2069) श्री फूलसिंह राठिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2022 - 23 व 2023-24 में रामपुर विधानसभा क्षेत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री जी द्वारा कौन-कौन सी घोषणाएं की गई हैं? विभागवार/कार्यवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्न दिनांक तक की स्थिति में इन घोषणाओं पर क्या कार्यवाही की गई है ? उनमें कितनी पूर्ण/अपूर्ण है। घोषणाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत करावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) रामपुर विधानसभा क्षेत्र में तत्कालीन मुख्यमंत्री जी द्वारा वर्ष 2022-23 में कोई घोषणा नहीं की गई हैं, एवं वर्ष 2023-24 में किये गए घोषणाओं की जानकारी विभागवार/कार्यवार विवरण **संलग्न प्रपत्र "अ"** अनुसार है। **(ख)** प्रश्न दिनांक तक की स्थिति में कुल 16 घोषणाएं की गई हैं उनमें से 11 घोषणाएं पूर्ण एवं 5 घोषणाएं अपूर्ण है। उक्त घोषणाओं पर की गई कार्यवाही एवं अद्यतन स्थिति **संलग्न प्रपत्र "ब"** अनुसार है।**[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]**

माननीय पूर्व मुख्यमंत्री जी की घोषणा का पालन

[सामान्य प्रशासन]

20. (क्र. 2278) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या पूर्व मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 06.08.2023 को रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र- में घोषणा की गई थी कि डिप्टी कलेक्टर पद की कुल प्रतिशत रिक्तियों के 50 प्रतिशत पद पूर्व की भांति पदोन्नति के लिए आरक्षित होंगे तथा नायब तहसीलदार भी अब राजपत्रित अधिकारी होंगें? यदि हाँ,तो उक्त घोषणा के परिपालन में विभाग द्वारा आज दिनांक तक क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं की गयी तो क्यों? कब तक की जावेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां। घोषणा के परिपालन में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नही है।

मुंगेली जिले में जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

21. (क्र. 2300) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला मुंगेली में वर्ष 2021-22 से दिनांक 30 जनवरी, 2024 तक खनिज न्यास निधि में कुल कितनी राशि, प्राप्त हुई है ? प्राप्त राशि में से कुल कितनी राशि के ,क्या-क्या कार्य किये गये हैं ? शासी परिषद के सदस्यों के अनुमोदन से कार्य स्वीकृत किये गये हैं ? यदि हां ,तो कितनी राशि के? यदि नहीं, तो क्यों ? **(ख)** खनिज न्यास मद से स्वीकृत कितने राशि के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, कितने अपूर्ण हैं, कब तक पूर्ण किए जावेंगे? विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला मुंगेली में वर्ष 2020-21 से दिनांक 30 जनवरी, 2024 तक खनिज न्यास निधि मेंकुल 83 करोड़ 63 लाख 94 हजार रूपये राशि प्राप्त हुआ हैं। जी हां, शासी परिषद के अनुमोदन पश्चात कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्य एवं स्वीकृत राशि की विकासखण्डवार जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से 46 करोड, 55 लाख, 47 हजार रूपये के 455 कार्य पूर्ण हो चुके है एवं 61 करोड़, 87 लाख, 82 हजार रूपये के 493 कार्य अपूर्ण है। अपूर्ण कार्यों के पूर्ण करने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

देशी-विदेशी मदिरा के क्रय का भुगतान

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

22. (क्र. 2312) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में दिनांक 1.1.2019 से 30.1.2023 तक कितनी-कितनी देशी एवं विदेशी मंदिरा की खरीदी, किन-किन फर्मो से की गई? इस हेतु कितनी-कितनी राशि का भुगतान फर्मो को किया गया? **(ख)** कंडिका 'क' के फर्मो के चयन की क्या प्रक्रिया थी? फर्मो के भुगतान में प्रति लीटर मदिरा हेतु टैक्स ,रिटेल कमीशन एवं अन्य कितना-कितना निर्धारित था तथा भुगतान किन-किन मदों से किया जाता था ? **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में प्रारंभ में देशी एवं अंग्रेजी मदिरा विक्रय से कितनी राशि प्राप्त हुई थी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में दिनांक 01.01.2019 से 30.01.2023 तक देशी एवं विदेशी मदिरा की खरीदी मात्रा, फर्म का नाम एवं फर्मों को भुगतान की गई राशि की वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र अ एवं ब** अनुसार है। **(ख)** दिनांक 01.01.2019 से 12.05.2020 तक छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पंजीकृत विनिर्माता/इकाईयों से निर्धारित सेवा एवं शर्त (टर्म्स एंड कंडीशन) पर रेट ऑफर आंमत्रित किया गया। विदेशी मदिरा के पंजीकृत विनिर्माता/प्रदायकर्ता इकाईयों द्वारा नियत समयावधि में सेवा एवं शर्त (टर्म्स एंड कंडीशन) के अधीन अपने ब्राण्ड/लेबलों का प्रदाय दर प्रस्तुत किया गया। इकाईयों को प्रदाय दर का भुगतान किया जाता है। दिनांक 12.05.2020 के पश्चात्

छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा रेट ऑफर आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 01.01.2019 से 30.01.2023 तक देशी मदिरा प्रदाय हेतु आबकारी विभाग द्वारा निविदा की जाती है। फर्मों को निविदा में स्वीकृत दरों का भुगतान किया जाता है। इसके अतिरिक्त कोई टैक्स, रिटेल कमीशन इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाता है। **(ग)** प्रश्नाधीन अवधि में देशी एवं अंग्रेजी मदिरा विक्रय से प्राप्त राशि की जानकारी **पुस्तकालय** में रखें **प्रपत्र स** अनुसार है।

प्रदेश की महिलाओं के लिए संचालित योजनायें

[महिला एवं बाल विकास]

23. (क्र. 2328) श्री रामकुमार यादव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश की महिलाओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कौन-कौन सी योजना संचालित हैं तथा महिलाओं को किस प्रकार से लाभ प्रदाय किया जा रहा है? विवरण योजना अनुसार देवें? **(ख)** प्रश्नांक 'क' के अनुसार महिला स्व सहायता समूहों को किस योजना के तहत क्या-क्या लोन उपलब्ध कराये गये हैं? विवरण देवें? क्या उक्त लोन को माफ करने की कोई योजना है? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रदेश में महिलाओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजना एवं महिलाओं को दिये जा रहे लाभ की योजनावार **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है**। **(ख)** प्रश्नांश " क " के अनुसार महिला स्व सहायता समूहो को छत्तीसगढ़ महिला कोष की ऋण योजना के तहत् प्रदाय ऋण एवं लोन माफ की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार है** ।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

सर्वे वर्ष 2002 एवं 2011 के कारण लंबित पेंशन

[समाज कल्याण]

24. (क्र. 2329) श्री रामकुमार यादव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत सत्र 2020-2021 से प्रश्न अवधि तक समाज कल्याण विभाग की किन-किन योजनाओं से क्या-क्या लाभ दिया जा रहा है? विभाग के पास उक्त अवधि में ग्रामीणों से कितने आवेदन प्राप्त हुये? कितने हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया है? योजनानुसार विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** प्राप्त आवेदनों में वर्ष 2002 व 2011 की सर्वे सूची के कारण पेंशन एवं अन्य आवश्यक लाभकारी योजनाओं के कितने प्रकरण लंबित हैं जिनमें ग्रामीणों को लाभ नहीं दिया जा सका है? विकासखंडवार जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं है। प्रश्न उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

संविदा नियुक्ति के नियमों में संशोधन

[सामान्य प्रशासन]

25. (क्र. 2354) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि जनवरी एवं फरवरी, 2024 में आयोजित केबिनेट की बैठक में संविदा नियुक्ति के नियमों में संशोधन किया गया है/अनुमति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो प्रचलित नियमों में क्या संशोधन किया गया है तथा क्या इस संबंध में निर्देश जारी कर दिये गए हैं ? यदि हां, तो कब ? **(ख)** प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में प्रथम श्रेणी के पदों में, कितने अधिकारी संविदा नियुक्ति पर कार्यरत हैं और इनमें कितने अधिकारी नवीन नियमों के अनुसार अयोग्य हैं तथा इन्हें कब तक पद से पृथक किया जावेगा ? विभागवार बताएं।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

रायपुर ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत भवन-विहीन आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

26. (क्र. 2358) श्री मोतीलाल साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन-विहीन हैं? इस हेतु क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है? **(ख)** प्रश्न ''क''अंतर्गत भवन निर्माण की स्वीकृति कब तक प्रदान की जाएगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 134 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन-विहीन हैं। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्र किराये के भवन, अन्य शासकीय भवन अथवा सामुदायिक सहयोग के भवनों में संचालित किये जा रहे है। **(ख)** प्रश्न ''क''अंतर्गत भवन निर्माण की स्वीकृति की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रचार माध्यमों को विज्ञापन हेतु देय/भुगतान राशि

[जनसंपर्क]

27. (क्र. 2401) श्री सुशांत शुक्ला (श्री किरण देव) : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2019-20 से नवम्बर, 2023 तक विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया अंतर्गत किन-किन एजेंसियों को कितनी-कितनी राशि का कार्यादेश प्रदान किया गया ? कितनी-कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है ? कितने के भुगतान से लम्बित हैं? वर्षवार बताएं। **(ख)** क्या वेब पोर्टलों को शासन द्वारा विज्ञापन प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार का पंजीकरण आवश्यक है ? यदि हाँ, तो उन्हें किस संस्था/विभाग में पंजीकृत होना चाहिए ? शासन द्वारा वेब पोर्टलों को विज्ञापन प्रदान करने एवं दर निर्धारण के क्या नियम एवं शर्ते निर्धारित हैं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जनसंपर्क विभाग के द्वारा वर्ष 2019-20 से नवम्बर, 2023 तक इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया व अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों से एजेंसियों को दिए गए कार्यादेश, भुगतान की गई राशि एवं भुगतान हेतु लंबित राशि वर्षवार की जानकारी निम्नानुसार है:-

वर्ष	**मद**	**कार्यादेश राशि**	**भुगतान राशि**	**लंबित भुगतान राशि**
2019-20	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	48,73,85,439	46,07,06,058	निरंक
	प्रिंट मीडिया	30,28,85,634	30,28,85,634	निरंक
	सोशल मीडिया	3,67,05,235	3,67,05,235	निरंक
कुल		**82,69,76,308**	**76,35,91,692**	**निरंक**
वर्ष	**मद**	**कार्यादेश राशि**	**भुगतान राशि**	**लंबित भुगतान राशि**
2020-21	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	56,93,48,620	50,78,11,619	निरंक
	प्रिंट मीडिया	45,81,66,351	5,81,66,351	निरंक
	सोशल मीडिया	6,27,68,794	6,27,68,794	निरंक
कुल		**1,09,02,83,765**	**62,87,46,764**	**निरंक**
वर्ष	**मद**	**कार्यादेश राशि**	**भुगतान राशि**	**लंबित भुगतान राशि**
2021-22	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	58,31,59,145	54,10,64,699	निरंक
	प्रिंट मीडिया	49,30,94,175	49,30,94,175	निरंक
	सोशल मीडिया	7,59,86,015	7,18,94,660	40,91,355
कुल		**1,15,22,39,335**	**1,10,60,53,534**	**40,91,355**

वर्ष	मद	कार्यादेश राशि	भुगतान राशि	लंबित भुगतान राशि
2022-23	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	107,60,19,781	100,39,00,743	निरंक
	प्रिंट मीडिया	74,15,95,603	74,07,79,075	8,16,528
	सोशल मीडिया	23,78,59,030	23,36,58,677	42,00,353
कुल		2,05,54,54,414	1,97,83,58,495	12,16,881
वर्ष	**मद**	**कार्यादेश राशि**	**भुगतान राशि**	**लंबित भुगतान राशि**
2023-24 (01 अप्रैल, 2022 से 30 नवम्बर, 2023 तक)	इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	214,97,70,007	115,60,83,553	99,36,86,454
	प्रिंट मीडिया	1,10,40,56,666	79,24,01,367	31,16,55,300
	सोशल मीडिया	68,84,53,368	46,17,75,040	22,66,78,328
कुल		**3,94,22,80,041**	**2,41,02,59,960**	**1,53,20,20,082**

सूची संलग्न है। (**पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है।) **(ख)** वेब पोर्टलों को विज्ञापन प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा इम्पैनलमैंट किया जाता है। विज्ञापन हेतु जनसंपर्क संचालनालय में इम्पैनलमेंट होना चाहिए। समान्यतः विज्ञापन दर निर्धारण का आधार दर नहीं होने पर जनसंपर्क विभाग की विज्ञापन नियमावली-2019 एवं संशोधित नियमावली में निहित नियमों के तहत् विज्ञापन प्रदान किया जाता है।

ट्रांसफार्मर के गुम/चोरी होने पर कार्यवाही

[ऊर्जा]

28. (क्र. 2415) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 2019-20 से 2022-23 की अवधि में कितने-कितने ट्रांसफार्मर का क्रय किया गया? उनकी लागत क्या थी? क्षमतावार तथा वर्षवार बताइए ? **(ख)** उपरोक्त अवधि में पामगढ़ विधानसभा अनुपयोगी हुए तथा चोरी/गुम हुए ट्रांसफार्मर की संख्या क्षमतावार तथा वर्षवार क्या-क्या रही? इससे कितनी क्षति हुई ? **(ग)** चोरी/गुम हुए ट्रांसफार्मर के प्रकरणों में क्या-क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रश्नाधीन अवधि में ऊर्जा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रांसमिशन एवं जनरेशन कंपनी लिमिटेड द्वारा क्रय किये गये पॉवर तथा वितरण ट्रांसफार्मर की संख्या, लागत तथा क्षमता की वर्षवार **जानकारी क्रमशः संलग्न प्रपत्र 'अ','ब'' एवं ''स''** अनुसार है। **(ख)** वर्ष 2019-20 से 2022-23 की अवधि में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अनुपयोगी नहीं अपितु विफल 02 पॉवर तथा 485 वितरण ट्रांसफार्मर इस प्रकार कुल 487 थे। इसी अवधि में चोरी अथवा गुम हुए पॉवर एवं वितरण ट्रांसफार्मर की संख्या निरंक थी। विफल हुए पॉवर एवं वितरण ट्रांसफार्मर को बदलने में कुल राशि रूपये 84.80 लाख का प्राक्कलन स्वीकृत किया गया है। पॉवर एवं वितरण ट्रांसफार्मर की वर्षवार **जानकारी क्रमशः संलग्न प्रपत्र 'द' एवं 'इ'** अनुसार है। **(ग)** उत्तरांश 'ख' के परिप्रेक्ष्य प्रश्न उद्भुत नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

सड़क पुलिया भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगने वाले सामग्री का निर्धारण

[खनिज साधन]

29. (क्र. 2420) श्री दलेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या सड़क, पुलिया, भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों में लगने वाली सामग्री (रेत, मुरूम एवं चूना पत्थर) का संरचनावार एजेसिंयों के माध्यम से निर्धारण होता है ? यदि हां, तो राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक विभागीय निर्माण एजेंसी के द्वारा विभाग को एवं संबंधित ठेकेदारों को प्रतिलिपि के साथ कितने कार्यों के लिये, कितनी मात्रा में रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र विभाग द्वारा मांगा गया है ? उपरोक्त मांग अनुसार कितनी खदानों

से रायल्टी पर्ची प्राप्त कर विभाग को चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है ? उपरोक्त संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : खनिज विभाग के द्वारा सड़क, पुलिया, भवन एवं अन्य निर्माण कार्यो में लगने वाले सामग्री (रेत, मुरूम एवं चूनापत्थर) संरचनावार एजेंसियों के माध्यम से निर्धारण नहीं किया जाता है। राजनांदगांव जिला में वर्ष 2021-22 से दिनांक 20.02.2024 तक विभागीय निर्माण एजेंसी के द्वारा किये गये निर्माण कार्य में उपयोगित खनिज एवं खनिज की मात्रा हेतु रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी **''पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। जिलों में स्वीकृत खदानों तथा समीपवर्ती जिलो की गौण खनिज खदानों से खनिज क्रय कर निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र हेतु जिला कार्यालय में रायल्टी पर्ची प्रस्तुत किया जाता है।

मरवाही विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित ग्रामोद्योग

[ग्रामोद्योग]

30. (क्र. 2446) श्री प्रणव कुमार मरपची : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि : मरवाही विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने और कौन-कौन से ग्रामोद्योग कहां-कहां पर संचालित हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : मरवाही विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में कुल 09 ग्रामोद्योग संचालित है। कौन-कौन से ग्रामोद्योग कहां-कहां पर संचालित है, कि जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

भाटापारा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत संचालित क्रेशर

[खनिज साधन]

31. (क्र. 2452) श्री इंद्र साव : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में कहां-कहां क्रेशर संचालित हैं ? क्या उनको पर्यावरण संबंधित एन.ओ.सी. जारी की गई है, यदि हॉ, तो इसकी वैधता कब तक है ? क्या वैधता समाप्ति के बाद इसका नवीनीकरण कराया गया है ? यदि नहीं तो इन क्रेशर संचालकों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई, क्रेशरवार जानकारी देवें। **(ख)** क्या खनिज विभाग द्वारा उत्खनन पश्चात फिलिंग का कार्य कराया गया हैं? यदि हां,तो फिलिंग कि अनुमति किन-किन अधिकारियों द्वारा दी गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) भाटापारा विधानसभा अन्तर्गत 01 क्रशर भण्डारण अनुज्ञा क्षेत्र के भीतर तथा 06 क्रेशर उत्खनिपट्टा क्षेत्र के भीतर संचालित है इनमें से 02 क्रशर वर्तमान में संचालित है। स्वीकृत क्रेशर की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। जी हां, पर्यावरण विभाग द्वारा जारी पर्यावरण स्वीकृति की वैधता की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** के कॉलम नंबर-6 पर दर्शित है। 05 उत्खननपट्टा के प्रकरणों में पर्यावरण स्वीकृति की वैधता समाप्ति के बाद नवीनीकरण हेतु आवेदन किया गया है, उनमे वर्तमान में कार्य बंद है। अतः क्रेशर संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही का प्रश्न उपस्थित नही होता है।**(ख)** जी नहीं। खनिज विभाग द्वारा उत्खनन पश्चात फिलिंग का कार्य नही कराया जाता हैं अपितु पट्टाधारी द्वारा अनुमोदित माइन क्लोजर प्लान मे अनुमोदित योजना अनुसार कार्य किया जाता है। अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में संचालित पी. डी. एस. गोदाम एवं दुकान

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

32. (क्र. 2453) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 31 दिसंबर, 2023 की स्थिति में कितने पी.डी.एस. के गोदाम उपलब्ध हैं ? विकासखण्डवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांकित स्थिति में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में कितनी पी.डी.एस. की दुकानें भवनविहीन हैं? विकासखण्डवार, ग्राम पंचायतवार जानकारी देवें? **(ग)** भवनविहीन दुकानें हेतु नवीन भवन की स्वीकृति कब तक होगी?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) :(क)प्रश्नांकित अवधि में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखण्ड गुण्डरदेही में 34 तथा डौंडीलोहारा में 06 दुकानें उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन में संचालित है।**(ख)**प्रश्नांकित अवधि में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में 137 उचित मूल्य दुकानें दुकान सह गोदाम भवनविहीन है, विकासखण्डवार, ग्राम पंचायतवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार** है।**(ग)**वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर स्वीकृति दी जायेगी।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में विद्युत की खपत एवं आपूर्ति

[ऊर्जा]

33. (क्र. 2454) श्री कुंवर सिंह निषाद : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सही है कि गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में विद्युत की मांग एवं खपत की तुलना में विद्युत की आपूर्ति कम है? क्या विद्युत आपूर्ति कम होने की वजह से क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या हो रही है? यदि हाँ, तो विद्युत खपत के अनुसार विद्युत आपूर्ति एवं लो-वोल्टेज की समस्या के निदान हेतु विभाग के द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं? **(ख)** क्या गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अतिउच्चदाब उपकेंद्र एवं सामान्य उपकेन्द्र निर्माण कार्य प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो किस-किस स्थान पर एवं उक्त प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति कब तक मिल जाएगी एवं कार्य कब तक प्रारम्भ हो जावेगा?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है। **(ख)** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अति उच्चदाब का कोई सब स्टेशन प्रस्तावित नहीं है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के उच्चदाब के 33/11 के.व्ही. के 02 नये सब स्टेशन यथा ग्राम-ओटेबंध एवं चिचबोड़ तथा 33/11 के.व्ही. के विद्यमान 03 सब स्टेशन यथा ग्राम हल्दी, कलंगपुर एवं अर्जुन्दा में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि आर.डी.एस.एस. योजना के अंतर्गत स्वीकृति हेतु भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय को प्रेषित की गयी है। स्वीकृति की समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। इसके अतिरिक्त 63 के.व्ही.ए. क्षमता का 01 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर ग्राम-खपरी तथा 63 के.व्ही.ए. से 100 के.व्ही.ए के वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि ग्राम भोथीपार में कार्य स्वीकृत है। जिसका कार्यादेश किया जा चुका है एवं कार्य प्रगति पर है।

जिला-महासमुंद अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शेष भुगतान

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

34. (क्र. 2463) श्री द्वारिकाधीश यादव : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला-महासमुंद अंतर्गत में वर्ष 2023-24 समर्थन मूल्य पर दिनांक 28.01.2024 की स्थिति में खरीदी गई धान की मात्रा बताएं ? **(ख)** उक्त तिथि तक की गई भुगतान राशि व शेष राशि की जानकारी बताएं ? भुगतान शेष रहने का क्या कारण है ? **(ग)** 28.01.2024 की स्थिति में लक्ष्य के विरुद्ध खरीदी हेतु शेष धान की मात्रा बताएं ?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)जिला-महासमुंद अंतर्गत खरीफ वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर दिनांक 28.01.2024 की स्थिति में 9,84,516 मे. टन धान खरीदी की गई।**(ख)**दिनांक 28.01.2024 तक उपार्जित धान की कुल राशि रू. 2,14,921.95 लाख केविरूद्ध राशि रू. 2,09,516.47 लाख का भुगतान दिनांक 28.01.2024 तक कियागया था एवं इस तिथि तक भुगतान योग्य शेष राशि रू. 5,405.48 लाख थी तथा किसानों की राशि भुगतान कार्यवाही प्रचलित थी।**(ग)** धान खरीदी हेतु लक्ष्य निर्धारित नहीं किया जाता है, अतः शेष प्रश्नांश उपस्थितनहीं होता।

कबीरधाम जिले में मछली पालन विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत स्वीकृत राशि

[मछली पालन]

35. (क्र. 2469) श्रीमती भावना बोहरा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कबीरधाम जिले में मछली पालन विभाग को विगत 03 वर्षों में मत्स्य पालन के अंतर्गत कुल कितनी राशि, कौन-कौन सी योजनाओं के तहत, कहाँ-कहाँ प्रदान की गई ? विकासखंडवार जानकारी दीजिये ? **(ख)** प्रश्नांश 'क' में प्रदाय राशि से कुल कितने मत्स्य कृषकों को लाभान्वित किया गया है? विकासखंडवार जानकारी दीजिये? **(ग)** विगत 03 वर्षों में मत्स्य पालन के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कितने कार्यों की पूर्ति हुई तथा कृषकों को कितना-कितना अनुदान दिया गया? विकासखंडवार जानकारी दीजिये ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) कबीरधाम जिले में मछली पालन विभाग को विगत 03 वर्षों में मत्स्य पालन के अंतर्गत प्रदाय राशि एवं योजनाओं की विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - 'अ' अनुसार है।(ख)** प्रश्नांश 'क' अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों की विकासखण्डवार **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - 'ब' अनुसार है।(ग)** प्रश्नांश 'ग' की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र - 'अ' अनुसार है।**

महतारी वंदन योजना के प्रावधान

[महिला एवं बाल विकास]

36. (क्र. 2470) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- विभाग द्वारा 'महतारी वंदन योजना' कब से लागू की जा रही है? इस योजना के अंतर्गत किस आयु वर्ग की विवाहित महिलाओं को लाभांवित किया जायेगा? क्या प्रदेश की समस्त विवाहित/विधवा/परित्यक्ता महिलाओं को इस योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रू. दिये जाने का प्रावधान किया गया है? जानकारी देवें ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : महतारी वंदन योजना 01 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष एवं उससे ऊपर की आयु की पात्र विवाहित महिलाओं को लाभान्वित किया जायेगा। प्रदेश की समस्त पात्र विवाहित/विधवा/परित्यक्ता महिला को इस योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 1000 रू. दिये जाने का प्रावधान है।

प्रदेश में संचालित कोल खदानें

[खनिज साधन]

37. (क्र. 2474) सुश्री लता उसेंडी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में कोल की कौन-कौन सी खदानें संचालित हैं? क्या प्रदेश में वर्ष 2019 से 2023 तक कोल खदान हेतु निविदा बुलाई गई थी? यदि हाँ, तो किस-किस कंपनी को कोल खदान संचालित करने का कार्य, किस-किस दर/प्रावधान के आधार पर आबंटित किया गया है एवं वर्तमान में उक्त आबंटित खदानों में खनन कार्य वर्तमान में संचालित हैं या नहीं?वर्षवार बताएं? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अवधि में कोल खदानों के संबंध में कितनी शिकायतें विभाग को की गई है? इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही शासन द्वारा की गई ?वर्षवारबताएं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में संचालित कोयला खदानों की जानकारी संलग्न **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। कोल ब्लॉक आबंटन हेतु निविदा भारत सरकार, कोयला मंत्रालय द्वारा किया जाता है। अतः शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता।**(ख)**प्रश्नांश 'क' अवधि में कोल खदानों के स्वीकृति के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

कोंडागांव जिले में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं से लाभान्वित दिव्यांगजन

[समाज कल्याण]

38. (क्र. 2475) सुश्री लता उसेंडी : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोंडागांव जिले में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत वर्तमान में कितनी योजनाएं संचालित हैं? विगत 2 वर्षों से केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कितना आबंटन किन-किन योजनाओं के लिए प्राप्त हुआ? योजनावार, वर्षवार जानकारी देवें ? **(ख)** कोंडागांव जिले में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत दिव्यांगजनों को कौन-कौन सी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है एवं कितने दिव्यांगजनों को वर्ष 2021-22 से 2023-24 में जनवरी, 2024 तक शासन की किन-किन योजनाओं का लाभ मिला है एवं कितने निशक्तजनों को विगत 2 वर्षों में शासन के माध्यम से नौकरी/ रोजगार प्राप्त हुआ है ? **(ग)** कोंडागांव जिले में समाज कल्याण विभाग अंतर्गत विगत 3 वर्षों में सर्वे के माध्यम से कितने दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया एवं उन्हें कौन-कौन सी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया तथा कितने पात्र योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु शेष हैं ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र''अ''**अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र''ब''**अनुसार है। **(ग)** 14290 दिव्यांगजन चिन्हांकित किए गए है। पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सामर्थ्य विकास योजना, कृत्रिम अंग सहायक उपकरण प्रदाय योजना, निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना, निःशक्तजन छात्रवृत्ति योजना, शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं रोजगार से लाभान्वित किया गया एवं 523 दिव्यांग व्यक्ति लाभान्वित होने हेतु शेष है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]

दंतेवाड़ा जिले की रेत खदानों से प्राप्त रायल्टी

[खनिज साधन]

39. (क्र. 2482) श्री चैतराम अटामी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक दंतेवाड़ा जिले में कुल कितनी रेत खदानें पंचायतों/नीलामी द्वारा लीज पर अनुज्ञप्ति किये गये? वर्षवार स्वीकृत खदानों की सूची अनुज्ञप्ति धारक के नाम सहित बतावें ? **(ख)** प्रश्नांश "क" की पंचायतों को अनुज्ञप्ति रेत खदानों से कुल कितनी राशि रायल्टी के रूप में प्राप्त हुई? वर्षवार, रेत खदानवार, अनुज्ञप्तिधारक पंचायत के नाम सहित जानकारी देवें? **(ग)** प्रश्नांश "ख" की प्राप्त रायल्टी राशि से कितनी-कितनी राशि सम्बंधित पंचायतों/जनपद पंचायतों को प्रदान की जानी थी और कितनी-कितनी राशि प्रदान की गई ? पंचायतवार/जनपदवार, वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें ? **(घ)** पंचायतों/जनपद पंचायतों को प्राप्त रायल्टी का कितना-कितना हिस्सा प्रदान किये जाने का प्रावधान है ? प्रश्नांश "ग" की पंचायतों/ जनपद पंचायतों को क्या उनके प्रावधानित हिस्से की राशि प्रदान की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? इस हेतु कौन अधिकारी जिम्मेदार है तथा उस पर क्या कार्यवाही की गई ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में कोई भी रेत खदान स्वीकृत नहीं किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में दिनांक 16.01.2024 को 01 रेत खदान ग्राम पंचायत बालूद को पांच वर्ष हेतु लीज पर स्वीकृत किया गया। प्रश्नाधीन अवधि में नीलामी के आधार पर कोई खदान स्वीकृत नहीं किया गया है। **(ख)** प्रश्नांश "क" की ग्राम पंचायत बालूद को स्वीकृत रेत

खदान बालूद से वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक) में रूपये 85 हजार रायल्टी राशि के रूप में प्राप्त हुआ है। **(ग)** प्रश्नाशं "ख" में प्राप्त रायल्टी राशि सीधे ग्राम पंचायत के खाते में जमा हुई है। अतः संबंधित पंचायतों को राशि संविरण करने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। **(घ)** दिनांक 19.01.2023 के पश्चात् अनुसूचित क्षेत्र में रेत खदानों से प्राप्त शत्-प्रतिशत् राशि सीधे ग्राम पंचायतों/ नगरीय निकायो के खातों में जमा किये जाने का प्रावधान है। प्रश्नाशं "ग" की पंचायत को प्राप्त रायल्टी का शत-प्रतिशत हिस्सा ग्राम पंचायत के खाते में सीधा जमा हुआ है। अतः शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

महासमुंद जिले के बड़े बिजली बकायादारों से वसूली हेतु कृत कार्यवाही

[ऊर्जा]

40. (क्र. 2489) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** महासमुंद जिले में दिनांक 31/12/2023 की स्थिति में बिजली विभाग के अंतर्गत रू. 50,000/- से अधिक राशि के बड़े बकायादार कितने हैं ? **(ख)** उक्त बकाया राशि वसूलने हेतु अब तक क्या-क्या कार्रवाई की गई ? जानकारी दें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) महासमुंद जिले में दिनांक 31.12.2023 की स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के राशि रूपये 50,000/- से अधिक के कुल 8,290 बकायादार हैं। **(ख)** बकाया राशि वसूलने हेतु की गयी कार्यवाही की **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत DMF मद से स्वीकृत कार्य

[खनिज साधन]

41. (क्र. 2565) श्री रोहित साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मार्च, 2022 से दिसम्बर, 2023 के मध्य राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत DMF मद से कौन-कौन से निर्माण अथवा विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है? कृपया ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** स्वीकृत कार्यों में से कितनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा कितने बाकी हैं? **(ग)** वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान DMF मद में कितनी राशि उपलब्ध है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मार्च 2022 से दिसम्बर 2023 के मध्य राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत DMF मद से स्वीकृत निर्माण अथवा विकास कार्यो की ग्रामवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।**(ख)** स्वीकृत कार्यो में से 11 निर्माण कार्य पूर्ण एवं 57 कार्य प्रगतिरत है। **(ग)** वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला खनिज संस्थान न्यास गरियाबंद के न्यास निधि में13 करोड़ 37 लाख 09 हजार राशि उपलब्ध है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में चिन्हांकित कुपोषित बच्चे

[महिला एवं बाल विकास]

1. (क्र. 879) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कुल कितने बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें कुपोषित चिन्हांकित किया गया है? कृपया ग्रामवार जानकारी देवें? **(ख)** चिन्हांकित बच्चों में कितने अतिकुपोषित श्रेणी के हैं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में पोषण ट्रैकर जनवरी 2024 के अनुसार 0 से 6 वर्ष तक के कुल 4462 बच्चे कुपोषण की श्रेणी में (उम्र के अनुसार वजन) चिन्हांकित किये गये हैं। ग्रामवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** चिन्हांकित बच्चों में 807 बच्चे गंभीर कुपोषण की श्रेणी में पाये गये हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

वृत बिलासपुर के अर्न्तगत सिंचाई कनेक्शन का बिल पुनरीक्षित किया जाना

[ऊर्जा]

2. (क्र. 1077) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या यह सत्य है कि अगस्त 2019 में अधीक्षण यंत्री वृत बिलासपुर कार्यालय के अर्न्तगत विद्यमान लगभग 49 हजार उपभोक्ताओं के विद्युत बिल को पुनरीक्षित किया गया था? यदि हां तो क्यो?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जी हां । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण यंत्री वृत्त बिलासपुर कार्यालय के अंतर्गत माह अगस्त 2019 में विद्यमान कुल 4,46,114 उपभोक्ताओं में से सिंचाई पंप के 48,948 उपभोक्ताओं के विद्युत बिलों को सिंचाई पंप कनेक्शनों में मीटर नहीं होने अथवा मीटर बंद/खराब होने की स्थिति में माह अप्रैल 2019 एवं मई 2019 में की गई औसत बिलिंग को पंप फीडर मीटर रीडिंग एवं उपभोक्ता परिसर मे स्थापित पंप के कार्यशील सही मीटर के वास्तविक खपत की गणना के आधार पर औसत निर्धारण कर पुनरीक्षित किया गया था।

महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा रेडी-टू-ईट प्रोग्राम का संचालन

[महिला एवं बाल विकास]

3. (क्र. 1223) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला-रायपुरअंतर्गत वर्ष 2020 से 2023 तक कुल कितने महिला स्व सहायता समूह कार्यरत हैं तथा कितने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किन-किन संस्थाओं से कितना- कितना कर्ज लिया गया है? वर्ष 2021-23 के मंध्य कितने महिला स्व सहायता समूहों का कितनी-कितनी राशि का कर्ज माफ किया गया है तथा कितना लंबित है, लंबित होने के क्या कारण हैं? **(ख)** जिला-रायपुर में कितनी महिला स्व सहायता समूहों द्वारा रेडी-टू-प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है, यदि नहीं तो क्यों? क्या महिला स्व सहायता समूहों द्वारा रेडी-टू-ईट सामग्री का वितरण किया जा रहा है? यदि हां तो इसके क्या नियम प्रक्रिया है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला-रायपुर अंतर्गत वर्ष 2020 से 2023 तक कुल 1484 महिला स्व-सहायता समूह कार्यरत है। उक्त अवधि में 338 महिला स्व-सहायता समूहों को छत्तीसगढ़ महिला कोष द्वारा 3,11,00,000/- रूपये का ऋण दिया गया है। वर्ष 2021-23 के मध्य किसी भी

महिला स्व-सहायता समूहों का कर्ज माफ नहीं किया गया है। कर्ज माफी के कोई प्रकरण लंबित नहीं है। शेष जानकारी निरंक है। **(ख)** शासन स्तर पर लिये गए निर्णय अनुसार जिला रायपुर में वर्तमान में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा रेडी टू ईट का निर्माण नहीं किया जा रहा है। रेडी टू ईट सामग्री वितरण की कार्यवाही छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम रायपुर के द्वारा की जा रही है।

जिला-रायपुर में प्रचलित राशन कार्डो तथा खाद्य सामग्री का वितरण

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

4. (क्र. 1224) श्री गुरू खुशवंत साहेब : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 10 जनवरी, 2024 तक जिला-रायपुर अंतर्गत किस-किस वर्ग के कितने-कितने राशन कार्ड प्रचलित हैं तथा उक्त कार्डो के निर्माण तथा निरस्तीकरण हेतु शासन द्वारा क्या नियम निर्धारित हैं? **(ख)** जिला-रायपुर अंतर्गत 1 रू किलो चावल प्राप्त करने वाले कितने हितग्राही वर्ष 2018 में थे तथा दिसबंर 2023 में कितने हितग्राही हुए, कितने प्रतिशत की वृद्धि उक्त हितग्राहियों में हुई है? **(ग)** प्रश्नांश ''क'' के तहत खाद्य सुरक्षा के अधिकार अंतर्गत प्रत्येक बीपीएल परिवारो को नियंत्रित दर पर तेल, दाल, नमक, चीनी तथा केरोसीन प्रदान करने का प्रावधान था? यदि हां तो वर्तमान में कितने उचित मुल्य की दुकानों में उक्त सामग्री का वितरण किस किस दर पर किया जा रहा है?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क) प्रश्नांकित अवधि तक जिला रायपुर अंतर्गत 4,05,727 प्राथमिकता राशनकार्ड, 67,082 अन्त्योदय राशनकार्ड, 2,921 निराश्रित राशनकार्ड, 1,097 निःशक्तजन राशनकार्ड तथा 1,23,875 एपीएल (सामान्य) राशनकार्ड प्रचलित थे। नवीन राशनकार्डों के निर्माण तथा निरस्तीकरण हेतु छत्तीसगढ़ राशन कार्ड नियम, 2016 तथा छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश, 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है।**(ख)** दिसम्बर, 2018 की स्थिति में रायपुर जिले में 1 रूपये किलो की दर पर पात्रता वाले राशनकार्डधारियों की संख्या 3,44,711 तथा दिसम्बर, 2023 में इन कार्डधारियों की संख्या 4,71,988 लाख थी। इस अवधि में इन राशनकार्डों में कुल 36.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर, 2023 में उपरोक्त राशनकार्डधारियों को प्रदाय खाद्यान्न की उपभोक्ता दर निःशुल्क थी। **(ग)** छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अन्त्योदय एवं प्राथमिकता परिवारों को निर्धारित उपभोक्ता दर पर खाद्यान्न, आयोडाईज्ड नमक एवं चना प्रदाय करने एवं सामान्य परिवार को खाद्यान्न प्रदाय करने का प्रावधान है। रायपुर जिले में वर्तमान में 696 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से अन्त्योदय और प्राथमिकता राशनकार्डधारियों को निम्नानुसार दर पर राशन सामग्री प्रदाय किया जा रहा है:-

राशनकार्ड का प्रकार	खाद्यान्न	उपभोक्ता दर प्रतिमाह
अन्त्योदय एवं प्राथमिकता	चावल	निःशुल्क
	नमक	निःशुल्क
	शक्कर	17 रूपये प्रति किलोग्राम
	केरोसिन	65.04 रूपये प्रति लीटर (माह फरवरी, 2024 में)

मस्तुरी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत वाहनों में ओवरलोड राख का परिवहन पर कृत कार्यवाही

[परिवहन]

5. (क्र. 1285) श्री दिलीप लहरिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी सीपत की राख का, वाहनों में ओवरलोड परिवहन से क्षेत्र की सड़कों को हुए नुकसान के दृष्टिगत मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 113 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा 2021 से प्रश्नावधी तक किन-किन ओवरलोडेड वाहनों पर कार्यवाही की गयी है। **(ख)** ओवरलोड वाहन पर जुर्माने किए जाने पर भी नहीं मानने वाले कितने वाहनों का परमिट रद्द किया गया है? गाड़ी नंबर, वाहन मालिक का नाम, सहित दिनांक वार विवरण देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी सीपत की राख का

वाहनों में ओवरलोड परिवहन से क्षेत्र की सड़कों को हुए नुकसान के दृष्टिगत मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 113 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा 2021 से प्रश्नावधी तक 31 भारी ओवरलोडेड वाहनों पर कार्यवाही की गयी है। **(ख)** शेष प्रश्न उपस्थित नही होता।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत पर कृत कार्यवाही

[सामान्य प्रशासन]

6. (क्र. 1378) श्री तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** छत्तीसगढ़ राज्य में दिनांक 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में ST/SC वर्ग के सीधी भर्ती के कितने पदों पर, कितने फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारी का कार्यरत होना पाया गया है ? विभागवार जानकारी उपलब्ध करायी जावे ? **(ख)** प्रश्न "क " के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई ? विभागवार जानकारी उपलब्ध करायी जावे ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) एवं **(ख) जानकारी एकत्रित की जा रही है।**

महासमुंद जिले में मछली पालन का दिया गया पट्टा

[मछली पालन]

7. (क्र. 1520) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुन्द जिले में वर्ष 2021-2022 एवं 2023 में कहाँ-कहाँ पर, किन-किन मछुआ समितियों को, कौन-कौन सा जलाशय एवं तालाब कौन-कौन सी ग्राम पंचायत नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत और जिला पंचायत द्वारा कितने वर्षो के लिए पट्टे पर दिया गया है? पट्टा प्राप्ति हेतु लंबित है एवं किस कारण से?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : महासमुंद जिले में वर्ष 2021-22 एवं 2023 (प्रश्नावधि तक) में ग्राम पचायतों एवं जनपद पंचायतों द्वारा 60 ग्रामीण तालाबों एवं 05 जलाशयों को मछुआ सहकारी समितियों को मछली पालन हेतु दस वर्षीय पट्टे पर आबंटित किया गया है, **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**इस अवधि में पट्टा आबंटन संबंधी कोई प्रकरण लंबित नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

डीएमएफ की राशि व व्यय

[खनिज साधन]

8. (क्र. 1550) श्री अजय चंद्राकर : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ में कुल कितने जिले हैं और उन जिलों को डी.एम.एफ. (डिस्ट्रीक्ट मिनरल फंड) की कितनी-कितनी राशि प्राप्त होती है और किस आधार पर प्राप्त होती है? जिलेवार अलग-अलग बताएं? **(ख)** उक्त जिन जिलों को कम राशि मिलती हैं उनको उनकी जनसंख्या के हिसाब से राशि देने के लिए क्या सरकार द्वारा कोई वित्तीय व्यवस्था करने की योजना है? यदि हां तो कब तक? डीएमएफ की राशि खर्च करने के क्या नियम/प्रक्रियाएं एवं निर्देश हैं तथा किन-किन मदों में व्यय की गयी? नियम-निर्देश के विरूद्ध व्यय करने के संबंध में उल्लंघन/अनियमितताएं की कितनी शिकायतें राज्य शासन को राज्य स्तर पर या जिला स्तर पर प्राप्त हुई हैं तथा उन शिकायतों के आधार पर क्या कार्यवाही, किनके-किनके ऊपर की गयी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) छत्तीसगढ़ में कुल 33 जिले हैं। खनि/उत्खनि पट्टाधारियों द्वारा नियमानुसार रायल्टी का निर्धारित प्रतिशत अंशदान के रूप में डीएमएफ मद में जमा किया जाता है। डी.एम.एफ. निधि में वित्तीय वर्ष 2023-24 (जनवरी, 2024 तक) अंशदान निधि में जिलेवार प्राप्त राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार राशि व्यय की जाती है। जनसंख्या के हिसाब से राशि देने का कोई प्रावधान नहीं है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 (जनवरी, 2024 तक) में उक्त राशि को पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण/प्रदूषण नियंत्रण स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, वृद्ध और निःशक्त जन कल्याण, कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, जनकल्याणकारी योजना (उज्ज्वला योजना), सतत जीविकोपार्जन एवं अन्य प्राथमिकता के सेक्टर भौतिक अधोसंरचना, सिंचाई, ऊर्जा एवं जल विभाजक विकास, सार्वजनिक परिवहन, सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण, युवा गतिविधियों को बढ़ावा, मूलभूत सुविधाएं एवं अन्य (राज्य सरकार द्वारा निदेशित) में व्यय किया गया है। वर्ष 2023-24 (जनवरी, 2024 तक) में नियम-निर्देश के विरूद्ध व्यय करने के संबंध में उल्लंघन/अनियमितताएं की राज्य एवं जिला स्तर पर प्राप्त शिकायत एवं कार्यवाही की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

तालाब, स्टॉप डेम एवं जलाशय को लीज में दिया जाना

[मछली पालन]

9. (क्र. 1599) श्री धर्मजीत सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मछली पालन विभाग अंतर्गत तालाब, स्टॉप डेम एवं जलाशय आदि को लीज में दिए जाने के संबंध में क्या-क्या नियम हैं, विवरण देवें? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत् कितने-कितने एकड़/हेक्टेयर को किसको-किसको, किस दर पर लीज में दिये जाने का अधिकार है, विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''क'' एवं "ख" के नियमानुसार तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से 2023 दिसम्बर तक कौन-कौन से तालाब, स्टॉप डेम एवं जलाशय आदि को किन-किन को, कितने अवधि के लिए लीज पर दिया गया है, विवरण देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मछली पालन विभाग अंतर्गत तालाब, स्टॉप डेम एवं जलाशय आदि को लीज़ में दिए जाने के संबंध में नियमों की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'अ' अनुसार है। (ख)** कंडिका 'क' के तहत् निर्धारित जलक्षेत्र एवं दर पर लीज़ में दिये जाने का अधिकार की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'ब' अनुसार है।(ग)** कंडिका 'क' एवं 'ख' के नियमानुसार तखतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2020 से 2023, दिसम्बर तक तालाब, स्टॉप डेम एवं जलाशय को लीज़ पर दिये गये हितग्राहियों एवं लीज़ आबंटन अवधि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र 'स' अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

राशनकार्ड एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत लाभ का प्रदाय

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

10. (क्र. 1600) श्री धर्मजीत सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खाद्य विभाग अंतर्गत कितने प्रकार के राशनकार्ड जारी किए गए हैं एवं उनमें राज्य शासन द्वारा कितना-कितना राशन, किस दर पर दिये जाने का प्रावधान है, विवरण देवें? **(ख)** क्या कंडिका ''क'' के राशनकार्ड में ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना योजना का लाभ दिया जा रहा है? यदि हां तो इस योजना के तहत् क्या-क्या लाभ, किसको-किसको दिया जा रहा है? विवरण देवें? **(ग)** क्या कंडिका ''क'' के तहत् राशनकार्ड में नाम जोड़ने एवं काटने का कार्य बंद है, हां तो विवरण देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत अन्त्योदय राशनकार्ड प्राथमिकता राशनकार्ड,एकल निराश्रित राशनकार्ड, निःशक्तजन राशनकार्ड एवं सामान्य (एपीएल) राशनकार्डजारी किए गए है। इन राशनकार्डो में प्रदाय राशन सामग्री एवं दर की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** कंडिका 'क' के अंतर्गत जारी राशनकार्डों में से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जारी अन्त्योदय एवं प्राथमिकता राशनकार्डों में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना के तहत अन्त्योदय राशनकार्डधारी परिवारों को 35 किलो प्रति राशनकार्ड तथा प्राथमिकता हितग्राही को 05 किलो प्रति सदस्य प्रतिमाह निःशुल्क चावल प्रदाय किया जा रहा है। **(ग)** जी नहीं,

राशनकार्ड में नाम जोड़ने एवं काटने का कार्य बंद नहीं है। शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता। **[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]**

समर्थन मूल्य में अधिया, रेगहा/ठेका वाले से धान खरीदी

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

11. (क्र. 1607) श्री धर्मजीत सिंह : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश में सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाती है? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत् क्या अधिया, रेगहा/ठेका लेकर कृषि करने वाले किसानों की धान खरीदी के लिए शासन द्वारा प्रावधान किया गया है? यदि हां, तो विवरण देवें? **(ग)** कंडिका ''ख'' के तहत् जिला-बिलासपुर अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक कितने अधिया, रेगहा/ठेका लेकर कृषि करने वालों से धान खरीदी की गई है? वर्षवार, विकासखण्डवार, विस्तृत विवरण देवें?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)जी हॉ।**(ख)** अधिया**,** रेगहा**/**ठेका लेकर कृषि करने वाले किसानों की धान खरीदी के लिए निम्नानुसार प्रावधान किया गया है:-''विधिक व्यक्तियों यथा ट्रस्ट **/** मण्डल **/** प्रा**,**लि**,**कम्पनी **/** शाला विकास समिति **/** केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान **/** महाविद्यालय आदि संस्थाओं द्वारा संस्था की भूमि को धान बोने के प्रयोजन हेतु यदि अन्य कृषकों को लीज अथवा अन्य माध्यम से प्रदाय किया गया है**,** तो संस्था की कुल धारित भूमि के अधीन**,** वास्तविक खेती करने वाले अधिया कृषक**/**पट्टेदार का पंजीयन किया जावे एवं समर्थन मूल्य की राशि इन कृषकों के खातों में भुगतान किया जावे। संस्था की ऋण पुस्तिका**/**बी-1 आदि सुसंगत राजस्व अभिलेख समिति द्वारा प्राप्त किया जावे। संस्था के अधिकृत व्यक्ति **(**यथा ट्रस्टी**)** द्वारा समिति को लिखित में सूचना दी जावेगी कि संस्था की भूमि पर किन कृषकों द्वारा धान की खेती की जावेगी। इस जानकारी के आधार पर संबंधित कृषकों की सहमति से**,** पूर्ण विवरण सहित**,** पंजीयन किया जावेगा एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान इन कृषकों के खातों में किया जावेगा। इस प्रकार संस्थाओं की भूमि पर वास्तविक खेती करने वालों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सकेगा। यही व्यवस्था संयुक्त देयता समूहों**/**रेघा**/**अधिया कृषकों के द्वारा धान विक्रय हेतु अपनाई जाए।'' '' **(ग)** बिलासपुर जिले में अधिया**/**रेगहा**/**ठेका लेकर कृषि करने वाले किसानों से खरीफ वर्ष 2021-22 में कोटा विकासखंड के 1 किसान से, खरीफ वर्ष 2022-23 में तखतपुर विकासखण्ड में 4 किसान तथा मस्तूरी विकासखण्ड के 2 किसान एवं खरीफ वर्ष 2023-24 में तखतपुर विकासखण्ड के 2 किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई है।

बसना विधानसभा अंतर्गत एनिकट/स्टॉपडेम/चेकडेम का निर्माण

[आयाकट]

12. (क्र. 1613) श्री सम्पत अग्रवाल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बसना विधानसभा क्षेत्रअंतर्गत वर्ष 2020 से जुलाई, 2023 तक कुल कितने एनिकट/स्टॉपडेम/चेकडेम का निर्माण कितनी कितनी लागत से किस किस स्थान पर बनाया गया? **(ख)** वर्तमान में कुल कितने एनिकट/स्टॉपडेम/चेकडेम निर्माण कार्य पूर्ण/अपूर्ण हैं? जानकारी देवें। उक्त कार्य की एजेंसी का नाम सहित ब्यौरा देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रश्नावधि में निर्मित स्टापडेम एवं चेकडेम का **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है। (ख)** प्रश्नांश की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** **[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]**

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में संचालित राशन दुकानें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

13. (क्र. 1663) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण/शहरी इलाकों में दिनांक 31 दिसंबर, 2023 की स्थिति में कितनी-कितनी राशन दुकानें संचालित हैं ? विकासखण्डवार बतायें ? **(ख)** इन संचालित राशन दुकानों में कुल कितने-कितने राशन कार्ड पंजीकृत हैं ? **(ग)** संचालित राशन दुकानों में कितनी दुकानें महिला द्वारा खुद या स्व-सहायता समूह के माध्यम से संचालित हैं ?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)प्रश्नांकित अवधि में सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में 157 तथा शहरी क्षेत्रों में 07 उचित मूल्य दुकान संचालित है। विकासखण्डवार जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**(ख)**ग्रामीण क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों से संलग्न राशनकार्डों की संख्या 69,941 तथा शहरी क्षेत्र की दुकानों से संलग्न राशनकार्डों की संख्या 5,626 है। विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र में उल्लेखितअनुसार है।(ग)**सिहावा विधान सभा क्षेत्र में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा 28 उचित मूल्य दुकानों का संचालन किया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

धमतरी जिले में धान खरीदी में मिलावट की प्राप्त शिकायतें

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

14. (क्र. 1664) श्रीमती अंबिका मरकाम : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सत्र 2023-24 में 15 जनवरी, 2024 तक धमतरी जिले के कितने धान खरीदी केन्द्रों में मिलावट की शिकायतें प्राप्त हुई ? **(ख)** कंडिका 'क' के तहत् प्राप्त शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाही की गई है ?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)धमतरी जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 15 जनवरी 2024 तक जिले के धान खरीदी केन्द्रों में मिलावट की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं।**(ख)**प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती में खनिज न्यास मद से प्राप्त राशि

[खनिज साधन]

15. (क्र. 1679) श्री बालेश्वर साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती में खनिज न्यास मद में वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर, 2023 तक कितनी राशि के कितने कार्य स्वीकृत कर, कौन-कौन सी एजेंसी को राशि प्रदान की गई है? **(ख)** वर्तमान में कितने कार्य पूर्ण हो चुके हैं? कितने कार्य अपूर्ण हैं? कब तक पूर्ण किए जाएंगे? वर्षवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला जांजगीर-चांपा में खनिज न्यास मद में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 31 दिसम्बर 2023 तक विभिन्न कार्य एजेंसियों को स्वीकृत कार्य एवं स्वीकृत राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। सक्ती जिले का गठन 09 सितम्बर 2022 को हुआ अतः वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 की जानकारी निरंक है एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 (31 दिसम्बर 2023 तक) की जानकारी ''संलग्न प्रपत्र-ब'' अनुसार है।**(ख)** जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती अंतर्गत डीएमएफ मद के तहत् स्वीकृत कार्य में से पूर्ण एवं अपूर्ण कार्यों की वर्षवार जानकरी **''संलग्न प्रपत्र अ एवं ब''** के कॉलम क्रमांक 05 एवं 06 अनुसार है। अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न पेंशन के स्वीकृत/लंबित प्रकरण

[समाज कल्याण]

16. (क्र. 1680) श्री बालेश्वर साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत 3 वर्षों में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन व विकलांग पेंशन के कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के कितने प्रकरण स्वीकृत हुए हैं ? कितने लंबित हैं?
महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विगत 3 वर्षों में जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 306, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,115 एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के 184 कुल 1,605 आवेदन प्राप्त हुए हैं। **(ख)** प्राप्त आवेदनों में से 1,454 प्रकरण स्वीकृत तथा 151 अस्वीकृत हुए हैं। कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है।

डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण हेतु आयोजित शिविर

[पशुधन विकास]

17. (क्र. 1692) श्रीमती अनिला भेंडिया : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2021 से जनवरी, 2024 तक कितने ग्रामों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण हेतु शिविरों का आयोजन किया गया ? विकासखण्डवार जानकारी देवें ? **(ख)** शिविरों में कितने पशुओं का टीकाकरण किया गया ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2021 से जनवरी 2024 तक विकासखण्ड डौण्डीलोहारा में कुल 933 ग्रामों में तथा विकासखण्ड डौण्डी में कुल 634 ग्रामों में पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण हेतु शिविरों का आयोजन किया गया। **(ख)** डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनवरी, 2021 से जनवरी, 2024 तक शिविरों में कुल 5,90,634 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

मोंगरा बैराज जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में केज की स्थापना एवं अनुदान राशि का भुगतान

[मछली पालन]

18. (क्र. 1865) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मोंगरा बैराज में मत्स्य उत्पादन में वृद्वि के लिए जनवरी, 2021 से जनवरी, 2024 तक कितने केज की स्थापना की गई है ? केज स्थापना हेतु कितने हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं ? प्राप्त आवेदनों में चयन का आधार क्या था ? हितग्राहियों को किस-किस मद में, कितनी राशि का अनुदान दिया गया है ? हितग्राही एवं केज की संख्या अनुदान राशि के साथ बताने का कष्ट करें ? उत्पादन से कितने हितग्राहियों को कैसे लाभ प्राप्त हुआ एवं कितने को रोजगार उपलब्ध कराया गया? बताने का कष्ट करें ? **(ख)** क्या केज स्थापना के लिए हितग्राही से अंशदान एवं लीज राशि जमा कराई गई ? हितग्राही चयन हेतु क्या मापदण्ड का पालन किया गया है ? वर्तमान में संचालनकर्ता कौन है ? अनुदान राशि हितग्राही को भुगतान की गयी है या नहीं ? यदि नहीं तो किसे भुगतान की गयी है एवं विभाग स्तर पर क्या कार्यवाही की गई? बताने का कष्ट करें? **(ग)** क्या ''क'' एवं ''ख'' अनुसार योजना के संचालन पर कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गई है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मोंगरा बैराज में मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के लिए जनवरी, 2021 से जनवरी, 2024 तक कुल 96 केज की स्थापना की गई है। केज स्थापना हेतु 10 हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में चयन का आधार शासन के नियमानुसार प्राथमिकता क्रम में प्रथम आओ, प्रथम पाओ एवं निर्धारित पात्रता है। हितग्राहियों को नील क्रांति योजना से 115.20 लाख रूपये एवं अन्य विभाग के (एल.डब्ल्यू.ई. मद) से 172.80 लाख रूपये कुल 288.00 लाख रूपये का अनुदान दिया गया। हितग्राही संख्या, केज संख्या एवं अनुदान राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**हितग्राहियों को प्रति केज 1200-1500 कि.ग्रा. मत्स्य उत्पादन का लाभ एवं 08 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।**(ख)** केज

स्थापना के लिए हितग्राही से अंशदान नहीं लिया गया है एवं लीज़ राशि रू. 5,18,400/- जमा कराई गई है शेष लीज़ राशि प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों से निरंतर पत्राचार किया जा रहा है। हितग्राही चयन हेतु विभागीय मापदण्ड का पालन किया गया। वर्तमान में संचालनकर्ता श्री राहुल ओझवा है। अनुदान राशि हितग्राही की सहमति अनुसार केज निर्माण फर्म को एवं मत्स्य बीज तथा आहार प्रदायकर्ता फर्म को भुगतान की गई है। **(ग)** जी हाँ, शिकायत प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायत की प्रारंभिक जांच में जांच अधिकारी द्वारा शिकायत को प्रमाणित पाये जाने पर संचालक द्वारा संबंधित को पक्ष प्रस्तुत करने हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

जिला रायगढ़ में चल रहे ओव्हरलोड ट्रकों एवं माल वाहक वाहनों पर कार्यवाही

[परिवहन]

19. (क्र. 1916) श्रीमती विद्यावती सिदार : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर प्रश्नावधि तक रायगढ़ जिले में कितने ओव्हरलोड ट्रकों एवं माल वाहक वाहनों पर प्रकरण दर्ज कर चालान जारी किया गया? इन चालान के माध्यम से विभाग को कितनी जुर्माना राशि प्राप्त हुई? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** ओव्हरलोड ट्रकों के चलने से खराब सड़कों की मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग या परिवहन विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई? **(ग)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत विभाग द्वारा कितनी परिवहन चौकी स्थापित की गई है तथा कितने ओव्हरलोड ट्रकों पर कार्यवाही की गई है? चौकीवार एवं वर्षवार जानकारी देवें। **(घ)** ओव्हर लोड ट्रकों पर किस आधार पर कितने रूपये का चालान काटा जाता है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला रायगढ़ अंतर्गत प्रशाकिंत अवधि में ओव्हरलोड 1289 वाहनों पर चालानी कार्यावाही की जा कर राशि रूपये 29235400/- की वसूली की गई है। वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार** है।**(ख)** ओव्हरलोड ट्रकों के चलने से खराब सड़कों की मरम्मत हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा आवश्यतानुसार समय-समय पर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।**(ग)** प्रश्नांश **(क)** अंतर्गत विभाग द्वारा 01 चौकी स्थापित की गई है। प्रशाकित अवधि में 29 ओव्हरलोड ट्रकों पर कार्यवाही की गई है। चौकीवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब अनुसार** है।**(घ)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र-स अनुसार** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

जिला राजनांदगांव व खैरागढ़ मे तालाब निर्माण का भुगतान

[मछली पालन]

20. (क्र. 1936) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिले में वर्ष 2021 से प्रश्नावधि तक नवीन तालाब निर्माण हेतु किन-किन योजनाओं के अंतर्गत किन-किन वर्गों (जाति) के हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है? लाभांवित हुये हितग्राहियों को कितनी-कितनी राशि का भुगतान कब-कब किया गया? योजना का नाम, स्वीकृत राशि तथा भुगतान की गई राशि की वर्षवार, हितग्राहियों के नाम सहित, की जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिले में वर्ष 2021 से प्रश्नावधि तक नवीन तालाब निर्माण हेतु राष्ट्रीय कृषि विकास योजना/प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत सामान्य, अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्गों (जाति) के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। लाभान्वित हितग्राहियों को कुल राशि 4,38,74,100/- रूपये का भुगतान किया गया है। योजना का नाम, स्वीकृत राशि, भुगतान की गई राशि एवं तिथि तथा हितग्राहियों का वर्षवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

जिला राजनांदगांव व खैरागढ़ में मछली पालन विभाग द्वारा सामग्री वितरण का भुगतान

[मछली पालन]

21. (क्र. 1937) श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिले में वर्ष 2021 से प्रश्नावधि तक जाल, मोटर साईकिल सह आइस बॉक्स, चार पहिया वाहन एवं अन्य सामग्रियों का वितरण, किन-किन योजनाओं से स्वीकृत कर प्रदान किया गया? सामग्री क्रय करने हेतु एजेंसी का निर्धारण कैसे किया गया? चयन प्रक्रिया की जानकारी देवें ? एजेंसी को किये गये भुगतान की जानकारी सामग्रीवार, वर्षवार, योजनावार, विकासखंडवार देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : राजनांदगांव एवं खैरागढ़ जिले में 01 जनवरी 2021 से प्रश्नावधि तक जाल, मोटर साईकल सह ऑईस बॉक्स, चार पहिया वाहन एवं आईस बॉक्स का वितरण, विभागीय मत्स्य पालन प्रसार योजना, आर.के.व्ही.वाय योजना एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत् स्वीकृति प्रदान किया गया है। समाग्री क्रय करने हेतु छ0ग0राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम निमिटेड रायपुर द्वारा निविदा प्रक्रिया अपनाकर एजेसी का निर्धारण कर चयन किया जाता है। एजेंसी को किये गये भुगतान की जानकारी सामाग्रीवार, वर्षवार, योजनावार, विकासखण्डवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

अविभाजित जिला राजनांदगांव में जलाशयों में केज की स्थापना

[मछली पालन]

22. (क्र. 1986) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**अविभाजित जिला राजनांदगांव (केसीजी एमएमसी सहित) वर्ष 2021 से नवम्बर, 2023 तक मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के लिए किन-किन जलाशयों में केज की स्थापना की गई है? उक्त के स्थापना हेतु कितने हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त हुए? प्राप्त आवेदनों में चयन का आधार क्या था? हितग्राहियों को किस-किस मध्यम से, कितनी राशि का अनुदान दिया गया है? हितग्राही एवं केज की संख्या, अनुदान राशि के साथ बताएं और उत्पादन में क्या लाभ प्राप्त हुए? **(ख)** क्या प्रश्नकित अवधि में संबंधित जलाशयों के लिए किसी मछुवारा समिति या संस्था को केज यूनिट स्थापना के लिए अनुदान दिया गया है? यदि अनुदान दिया गया है तो कितने यूनिटों को शामिल किया गया है? यूनिटों के नाम, समिति के नाम तथा अनुदान राशि वर्ष वार बताएं? **(ग)** विधानसभा श्रेत्र खैरागढ़ में स्थित पिपरिया जलाशय,जय बूढ़ादेव मत्स्य पालन सहकारी समिति देवरच्चा को कितने वर्षों व कितनी लीज राशि में पट्टा मिला है? उक्त जलाशयों में केज स्थापना से मछुवारा समिति को क्या मछली मारने में दिक्कतें हो रही है? यदि हां, तो उक्त समिति को लागत राशि मछली, बीज चारा में कितना नुकसान पहुँचाने की शिकायतें प्राप्त हुई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) अविभाजित जिला राजनांदगांव (केसीजी, एमएमसी सहित) जनवरी 2021 से नवम्बर, 2023 तक मत्स्य उत्पादन में वृद्धि के लिए मोंगरा बैराज जलाशय, नवागांव जलाशय, पनियाजोब, पिपरिया जलाशय में केज की स्थापना की गई है। जलाशय में केज स्थापना हेतु 43 हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 22 हितग्राहियों के आवेदन को स्वीकृति प्रदान की गई। प्राप्त आवेदनों में चयन का आधार शासन के नियमानुसार प्राथमिकता क्रम में प्रथम आओ प्रथम पाओ एवं निर्धारित पात्रता है। हितग्राहियों को नगद अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों के माध्यम से तथा अनुदान सामग्री के रूप में कुल राशि रू. 871.80 लाख (अक्षरी आठ करोड़ ईक्हत्तर लाख अस्सी हजार) का अनुदान दिया गया है। हितग्राही, केज की संख्या, प्रदाय अनुदान राशि और उत्पादन से प्राप्त लाभ की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** **(**ख) प्रश्नांकित अवधि में संबंधित जलाशयों के लिए किसी मछुवारा समिति या संस्था को केज यूनिट स्थापना के लिए अनुदान नहीं दिया गया है। **(ग)** पिपरिया जलाशय जय बुढ़ादेव मत्स्य पालन सहकारी समिति देवरच्चा को 16 जून 2018 से 15 जून 2028 तक दस वर्षों के लिए व प्रारंभिक लीज राशि रू. 307679/- प्रतिवर्ष वार्षिक लीज पर आबंटित किया गया है। जी नहीं, उक्त जलाशयों में केज स्थापना से मछुआरा समिति को मछली मारने में किसी प्रकार की कोई दिक्कतें नहीं हो रही है।**[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]**

प्रदेश में आयरन ओर की संचालित खदानें

[खनिज साधन]

23. (क्र. 2059) श्री प्रबोध मिंज, श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में आयरन ओर की कितनी खदानें संचालित हैं? क्या वर्ष 2021 से वर्ष 2023 के मध्य आयरन ओर माइंस के लिए निविदा जारी की गई? **(ख)** यदि हॉ तो किस कम्पनी को आयरन ओर खदान संचालित करने का कार्य किस दर में आबंटित किया गया? **(ग)** क्या आबंटित खदान में खनन कार्य वर्तमान में चल रहा है? **(घ)** क्या विभाग को आयरन ओर के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो विभाग ने क्या कार्यवाही की है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हां। प्रदेश में आयरन ओर की कुल 19 खदानें संचालित है।**(ख)** जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** वर्ष 2021 से वर्ष 2023 के मध्य आबंटित किसी भी लौह अयस्क खदान में खनन कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। **(घ)** प्रश्नांश ''ग'' के परिप्रेक्ष्य में विभाग में आयरन ओर के अवैध उत्खनन की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। अतः शेष जानकारी निरंक है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया को जारी कार्यादेश व भुगतान राशि

[जनसंपर्क]

24. (क्र. 2060) श्री प्रबोध मिंज : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रिन्ट मिडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया अन्तर्गत किन किन एजेंसियों को कार्यादेश प्रसारित किया गया है? **(ख)** जारी किए गए कार्यादेश की राशि, भुगतान की राशि तथा लंबित भुगतान की जानकारी प्रदान करें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) जनसंपर्क विभाग के द्वारा वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया अंतर्गत संलग्न सूची अनुसार एजेंसियों को कार्यादेश प्रसारित किया गया। (सूची **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र** अनुसार है) **(ख)** जारी की गयी कार्यादेश की राशि, भुगतान की राशि तथा लंबित भुगतान की जानकारी निम्नानुसार है:-

(रूपये में)

क्र.	वर्ष		कार्यादेश राशि	भुगतान राशि	लंबित भुगतान की राशि
1	2020-21	प्रिंट	45,81,66,351	45,81,66,351	निरंक
		इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	56,93,48,620	50,78,11,619	निरंक
		सोशल मीडिया	6,27,68,794	6,27,68,794	निरंक
कुल			109,02,83,765	102,87,46,764	निरंक
क्र.	वर्ष		कार्यादेश राशि	भुगतान राशि	लंबित भुगतान की राशि
2	2021-22	प्रिंट	49,30,94,175	49,30,94,175	निरंक
		इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	58,31,59,145	54,10,64,699	निरंक
		सोशल मीडिया	7,59,86,015	7,18,94,660	40,91,355
कुल			115,22,39,335	110,60,53,534	40,91,355
क्र.	वर्ष		कार्यादेश राशि	भुगतान राशि	लंबित भुगतान की राशि
3	2022-23	प्रिंट	74,15,95,603	74,07,79,075	8,16,528
		इलेक्ट्रॉनिक मीडिया	107,60,19,781	100,39,00,743	निरंक
		सोशल मीडिया	23,78,59,030	23,36,58,677	42,00,353
कुल			2,05,54,74,414	197,83,38,495	50,16,881

आईएएस,आईपीएस अधिकारियों व राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध चल रही जांच

[सामान्य प्रशासन]

25. (क्र. 2067) श्रीमती यशोदा निलाम्बर वर्मा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- 25 जनवरी, 2024 की स्थिति में प्रदेश के किन-किन आईएएस,आईपीएस अधिकारियों व राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता व भ्रष्टाचार की जांच चल रही हैं? क्या वर्ष 2019से 2023 तक पूर्व में उन्हें किन्हीं मामलों में दोषी पाया गया है ? यदि हां, तो उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : जानकारी एकत्रित की जा रही है।

महासमुंद जिले को डीएमएफ मद से प्राप्त राशि एवं कार्यवार व्यय राशि

[खनिज साधन]

26. (क्र. 2171) श्रीमती चातुरी नन्द : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-महासमुन्द जिले को वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में दिनांक 20/01/2024 तक डी. एम. एफ. मद से कितनी राशि प्राप्त हुई है ? उक्त राशि कितने कार्यों में खर्च की गई है ? जानकारी वर्षवार प्रदान करें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : महासमुन्द जिले को वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में दिनांक 20.01.2024 तक डी.एम.एफ. मद में 66 करोड़ 57 लाख 49 हजार राशि प्राप्त हुई है। स्वीकृत कार्य एवं व्यय राशि की वर्षवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में खनिज न्यास मद से स्वीकृत निर्माण कार्य

[खनिज साधन]

27. (क्र. 2255) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 31 दिसंबर 2023 तक के अवधि में खनिज न्यास मद के तहत कौन-कौन से निर्माण कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत किये गये? **(ख)** प्रश्नांश ''क'' के कितने कार्य पूर्ण और कितने अपूर्ण हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से 31 दिसम्बर 2023 तक की अवधि में खनिज न्यास मद के तहत् स्वीकृत निर्माण कार्य एवं स्वीकृत राशि की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** स्वीकृत कार्य में से पूर्ण कार्य एवं अपूर्ण कार्य की विकासखण्डवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** के कॉलम संख्या-6 अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

अन्वेषण शाखा, आयकर विभाग दिल्ली से प्राप्त पत्र

[सामान्य प्रशासन]

28. (क्र. 2268) श्री पुरन्दर मिश्रा : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या अन्वेषण शाखा, आयकर विभाग दिल्ली द्वारा 7 अक्टूबर 2021 को मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ को पत्र प्रेषित किया गया है? यदि हां, तो पत्र की प्रित उपलब्ध करावें। **(ख)** क्या प्रश्नांक 'क' के अनुसार पत्र में राज्य के लोक सेवकों एवं अन्य पर कार्यवाही हेतु लेख किया गया है? यदि हां, तो की गई कार्यवाही की जानकारी प्रदान करें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) :(क) जी हां, भारत सरकार के आयकर निदेशालय के पत्र दिनांक

07.10.2021 को आयकर विभाग द्वारा गोपनीय अंकित किया गया है। अतः उक्त पत्र की प्रति उपलब्ध नहीं कराई जा सकती है। **(ख)** प्रश्नांश "क" के संबंध में आयकर निदेशालय से प्राप्त पत्र के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आबकारी विभाग से तथ्यात्मक प्रतिवेदन विभागीय पत्र दिनांक 04.11.2022 के द्वारा प्राप्त करने हेतु लिखा गया था। वाणिज्यिक कर(आबकारी) विभाग द्वारा अपने पत्र दिनांक 12.12.2022 द्वारा विभाग से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। तदुपरांत विभागीय पत्र दिनांक 25.01.2023 द्वारा कृषि तथा किसान कल्याण विभाग तथा खनिज साधन विभाग से तथ्यात्मक प्रतिवेदन मांगा गया है तथा विभागीय पत्र दिनांक 08.08.2023 द्वारा स्मरण कराया गया है।

खनिज मद में प्राप्त राशि

[खनिज साधन]

29. (क्र. 2280) श्री इन्द्रशाह मंडावी : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी एवं राजनांदगांव में वर्ष 2021-22 से दिसम्बर, 2023 तक डी.एम.एफ. में कितनी राशि प्राप्त हुई है ? प्राप्त राशि से क्या-क्या कार्य एवं कितनी लागत के कराये गये ? **(ख)** प्रश्नांक ''क'' अनुसार दोनों जिलों में उक्त अवधि में डी.एम.एफ. मद में कितनी राशि उपलब्ध है एवं कार्य कराने हेतु क्या कार्य योजना बनाई गई है ? **(ग)** उक्त जिलों में प्रश्नांश **(क)** अवधि में डी.एम.एफ. की राशि का नियम के तहत उपयोग एवं कार्य नहीं होने की प्राप्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गयी है ? बताने का कष्ट करें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्ष 2021-22 से दिसम्बर 2023 तक जिला-राजनांदगांव को 118 करोड़ 35 लाख 43 हजार राशि डी.एम.एफ में प्राप्त हुई है, तथा जिला मोहला-मानपुर-अं.चैकी गठन उपरांत वर्ष 2022-23 से दिसंबर 2023 तक 13 करोड़ 78 लाख 48 हजार राशि प्राप्त हुई है। प्राप्त राशि से स्वीकृत कार्य एवं लागत राशि की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** उक्त अवधि में दोनो जिलों में उपलब्ध राशि की जानकारी प्रश्नांश ''क'' के उत्तर अनुसार है। उक्त राशि के उपयोग हेतु संबंधित जिले के शासी परिषद द्वारा कार्ययोजना बनाई गई है। **(ग)** प्रश्नाकित अवधि में डी.एम.एफ. की राशि का नियम के तहत उपयोग एवं कार्य नहीं होने कि कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

जिला मंगेली में डेयरी उद्यमिता योजना का लक्ष्य एवं हितग्राहियों को अनुदान राशि का प्रदाय

[पशुधन विकास]

30. (क्र. 2296) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिले में डेयरी उद्यमिता योजना के अंर्तगत वर्ष 2021-2022 से दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक विभाग को कितना लक्ष्य प्राप्त हुआ था ? लक्ष्य प्राप्त के विरूद्ध कितने हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया गया ? हितग्राही का नाम एवं स्वीकृत राशि की जानकारी देवें? **(ख)** क्या चयनित या पात्र सभी हितग्राहियों को अनुदान की राशि प्रदान का दी गई है? यदि नहीं तो क्यों एवं कब तक प्रदान कर दी जावेगी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मुंगेली जिले में राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से दिनांक 31 जनवरी, 2024 तक कुल 85 हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य था। लक्ष्य के विरूद्ध कुल 71 हितग्राहियों को इस योजना का लाभ दिया गया है। हितग्राही का नाम एवं स्वीकृति राशि की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**।**(ख)** जी हां, चयनित या पात्र सभी हितग्राहियों को अनुदान की राशि प्रदान कर दी गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में क्रेडा द्वारा कराये गये कार्य

[ऊर्जा]

31. (क्र. 2301) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में किस-किस कार्य के लिए, किस-किस मद से क्रेडा विभाग को पिछले वित्तीय वर्ष और

वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 01/12/2024 तक कितनी राशि प्राप्त हुई ? **(ख)** उपरोक्त प्राप्त राशि से क्या क्या कार्य ,कितने साल की परफार्मेंस गारंटी के साथ ठेकेदार द्वारा कराये गये, जानकारी देवें एवं इनमे से कितने कार्य किस कारण से अपूर्ण हैं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में क्रेडा को पिछले वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष मे दिनांक 12/02/2024 तक 151 कार्यो हेतु कुल राशि रूपये 06 करोड़ 24 लाख 20 हजार प्राप्त हुआ है। कार्यवार व मदवार **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र अ''** अनुसार है। **(ख)** उपरोक्त प्राप्त राशि से विभिन्न कार्य परफार्मेंस गारंटी नही अपितु 05 वर्ष की वारंटी अवधि के साथ कराये गये है। इनमें से 74 कार्य अपूर्ण है। अपूर्ण कार्यो की कारण सहित **जानकारी ''संलग्न प्रपत्र ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

खनिज रायल्टी पर्ची का काम ऑनलाईन के स्थान पर ऑफलाईन किए जाने का कारण

[खनिज साधन]

32. (क्र. 2313) श्री राजेश मूणत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** खनिज रायल्टी पर्ची का काम ऑनलाईन है अथवा ऑफलाईन है? **(ख)** वर्तमान में खनिज उत्खनन अनुमति देने का अधिकार किसे है ? ग्राम पंचायत को अथवा विभाग को? यदि ग्राम पंचायत को अधिकार है तो क्या इसे पूर्णत: ऑनलाईन नहीं किया जा सकता? **(ग)** उक्त कार्य को ऑनलाईन करते हुए अवकाश के दिनों में भी खनिज रायल्टी पर्ची जारी हो सके, ऐसी व्यवस्था करने हेतु क्या कोई कार्यवाही प्रक्रियाधीन/ प्रस्तावित है ? यदि हां, तो बतावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वर्तमान में खनिज रायल्टी पर्ची का काम ऑनलाईन एवं ऑफलाईन दोनों माध्यम से संचालित है।**(ख)** वर्तमान में गौण खनिजो के उत्खनन का अधिकार शासन/संचालक/कलेक्टर को है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है। **(ग)** विभाग में समस्त प्रकार के खदानों के संचालन हेतु खनिज आनलाईन पोर्टल बनाया गया है, जिससे अवकाश के दिनो में भी कोई भी पट्टेदार रायल्टी पर्ची निकाल सकता है।

एन.जी.ओ. को दिए गए कार्यों का भुगतान

[महिला एवं बाल विकास]

33. (क्र. 2314) श्री राजेश मूणत : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** कैलेण्डर वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 में विभाग की ओर से कितने एन.जी.ओ. को विभाग का काम दिया गया है? सूची देवें ? **(ख)** इन एन.जी.ओ. को कितनी राशि भुगतान की गई? विभागीय कार्यो को एन.जी.ओ. से कराने का क्या औचित्य है? **(ग)** क्या सरकार इस कैलेण्डर वर्ष से समस्त कार्य केवल विभागीय अमले से ही संपादित कराकर एन.जी.ओ. को कार्य देना पूर्णतः प्रतिबंधित करेगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क), **(ख)** एवं **(ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।

सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु नीति निर्धारण

[ऊर्जा]

34. (क्र. 2319) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाये गए हैं? निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सौर ऊर्जा नीति के प्रमुख बिंदु क्या हैं? **(ख)** राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा के तहत पावर परचेज एग्रीमेंट करने की क्या नीति है? ये एग्रीमेंट किस दर पर किये जा रहे हैं? वर्तमान में कितने मेगावाट सौर ऊर्जा के पावर प्लांट

स्थापित हो चुके हैं? **(ग)** राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा के अलावा अन्य कौन-कौन से नवीकरणीय (अक्षय) ऊर्जा के पावर प्लांट स्थापित किये जा रहे हैं? इनके लिए क्या नीति बनाई गयी है?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर ऊर्जा नीति, 2017-27, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (ग्रिड इंटरएक्टिव वितरित नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत) (द्वितीय संशोधन) विनियमन, 2023 एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (नवीकरणीय क्रय प्रतिबद्धता एवं आर.ई.सी. पद्धति का क्रियान्वयन) (प्रथम संशोधन) विनियमन, 2022 लागू की गई है। सौर ऊर्जा नीति, 2017-27 की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा नवीकरणीय क्रय प्रतिबद्धता के लक्ष्य की पूर्ति हेतु सौर उर्जा क्रय करने की नीति निम्नानुसार है -

1. ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित विद्युत उपभोक्ताओं से नेट मीटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत।
2. प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी अन्तर्गत प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से क्रय।
3. प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से चयनित में से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुमोदन से। ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित विद्युत उपभोक्ताओं से रू. 2.50 प्रति युनिट की दर से क्रय किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम योजना) के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी अन्तर्गत प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से क्रय की दर की **जानकारी पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र-ब** अनुसार है। प्रतिस्पर्धात्मक निविदा के माध्यम से चयनित में से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुमोदन से क्रय का दर की **जानकारी पुस्तकालय मे रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 809 मेगावाट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं।

(ग) राज्य शासन द्वारा सौर ऊर्जा के अलावा बायोमास आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्र एवं जल विद्युत उत्पादन संयंत्र की स्थापना निजी निवेशकों के माध्यम से की जाती है। नवीकरणीय (अक्षय) ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य शासन द्वारा निम्नानुसार नीतियाँ बनाई गई हैं:-

1. छत्तीसगढ़ में अपारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित विद्युत उत्पादन संयंत्रों को प्रोत्साहन हेतु विभिन्न सुविधाएं देने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश।
2. छत्तीसगढ़ राज्य में 25 मेगावाट क्षमता की छोटी एवं लघु जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नीति-निर्देश एवं आबंटन की प्रक्रिया।
3. पवन ऊर्जा से विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने संबंधी नीति।
4. पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत संयंत्र की स्थापना हेतु नीति।

<u>जिला खनिज न्यास संस्थान, बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा डीएमएफ फण्ड से स्वीकृत कार्य</u>

[खनिज साधन]

35. (क्र. 2320) श्री संदीप साहू : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला खनिज न्यास संस्थान, बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा कसडोल विधानसभा क्षेत्र में डीएमएफ फण्ड के तहत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कितनी राशि के कौन-कौन से कार्य स्वीकृत हुए हैं? विवरण देवें ? **(ख)** वित्तीय वर्ष 2021-2022 और 2022- 2023 में कितनी राशि के कार्य डीएमएफ फण्ड के तहत स्वीकृत हुए थे तथा इनमें से कितने कार्य पूर्ण हुए? विवरण देवें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला खनिज संस्थान न्यास, बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा कसडोल विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत डीएमएफ मद के तहत वित्तीय वर्ष 2023-2024 में स्वीकृत कार्य एवं स्वीकृत राशि का विवरण **''पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र-अ''** अनुसार है। **(ख)** जिला खनिज न्यास संस्थान, बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में स्वीकृत कार्य, स्वीकृत राशि एवं पूर्ण कार्य की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे संलग्न प्रपत्र-ब''** के अनुसार है।

कसडोल विधानसभा क्षेत्र में बच्चों का कुपोषण रोकने हेतु संचालित योजनाएं

[महिला एवं बाल विकास]

36. (क्र. 2321) श्री संदीप साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जनवरी ,2020 से अब तक कसडोल विधानसभा क्षेत्र में कितने बच्चे कुपोषित पाए गए हैं? वर्षवार और जिलेवार जानकारी दें ? **(ख)** कुपोषण दूर करने हेतु शासन की कौन-कौन सी योजनाएं चल रही हैं? प्रश्नांश ''क'' क्षेत्र में जनवरी,2020 से अब तक कितनी राशि व्यय हुई है? वर्षवार जानकारी दें। **(ग)** मुख्यमंत्री सुपोषण योजना कब शुरू हुई थी? आज दिनांक तक योजना के तहत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में कितने लाभान्वित हुए हैं और इसमें कितनी राशि व्यय हुई है?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विधानसभा कसडोल एवं जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में कुपोषित बच्चों की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	वर्ष	कुपोषित बच्चों की संख्या	
		विधानसभा कसडोल	जिला बलौदाबाजार-भाटापारा
1	2020	7559	29737
2	2021	7526	26198
3	2022	6587	24490
4	2023	6875	21034
5	2024	5414	21045

(ख) कसडोल विधानसभा क्षेत्र में कुपोषण दूर करने हेतु मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना, वजन त्यौहार, पूरक पोषण आहार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, सुपोषण चौपाल योजनाओं संचालित हैं। जनवरी 2020 से अब तक व्यय की वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है:-

विधानसभा क्षेत्र कसडोल में कुपोषण दूर करने हेतु वर्षवार व्यय राशि का विवरण				
2020	2021	2022	2023	2024
93503764	101839182	70955409	48279401	14978013

(ग) मुख्यमंत्री सुपोषण योजना वर्ष 2019 से शुरू हुई थी। आज दिनांक तक योजना के तहत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 06 माह से 6 वर्ष के कुपोषित बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं 15 से 49 वर्ष की एनीमिक महिलाएं को मिलाकर कुल 89576 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। योजना संचालन पर 01 करोड़ 50 लाख 35 हजार 257 रूपये की राशि व्यय की गई है।

राज्य में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदन

[समाज कल्याण]

37. (क्र. 2331) श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-सारंगढ़ - बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 01 जनवरी, 2020 से 31/1/2024 तक कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं? प्राप्त आवेदनों में कुल कितने स्वीकृत हुए हैं? स्वीकृत आवेदनों पर कितने आवेदनकर्ताओं को राशि का भुगतान हुआ है? जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में कितना भुगतान शेष है तथा क्यों? कब तक भुगतान किया जाएगा? जानकारी देवें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 01 जनवरी, 2020 से 31 जनवरी, 2024 तक कुल 1,112 आवेदन प्राप्त हुए हैं । प्राप्त आवेदनों में से कुल 951 स्वीकृत हुए हैं। जिसमें 762 हितग्राहियों को सहायता राशि का भुगतान किया

जा चुका है तथा 189 हितग्राहियों का भुगतान शेष है । भुगतान पोर्टल में हितग्राहियों के डाटा में तकनीकी समस्या है । समय सीमा दिया जाना संभव नहीं है।

रायगढ़ जिले में खनिज न्यास निधि DMF से स्वीकृत कार्य एवं राशि

[खनिज साधन]

38. (क्र. 2333) श्री उमेश पटेल : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में रायगढ़ जिलान्तर्गत DMF मद से कितने कार्य, कितनी राशि के स्वीकृत किए गए हैं? विकासखण्डवार जानकारी दें? कितने कार्य पूर्ण हैं? कितने प्रगतिरत हैं तथा कितने अपूर्ण हैं? विकासखण्डवार जानकारी दें? अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा? **(ख)** उक्त वित्तीय वर्ष में कितने कार्य किस कारण से अप्रारंभ हैं? क्या यह सही है कि कार्य अप्रारंभ होने के कारण राशि वापस की जा रही है? यदि हाँ तो किस कारण से वापस की जा रही है? जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में रायगढ़ जिलान्तर्गत डीएमएफ मद से 889 कार्य हेतु राशि 109 करोड़ 42 लाख 18 हजार रूपये स्वीकृत किए गए है। स्वीकृत कार्य में से 538 कार्य पूर्ण एवं 302 कार्य अपूर्ण/प्रगतिरत है, जिसको पूर्ण करने की समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। विकासखण्डवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** उक्त वित्तीय वर्ष में 10 कार्य, स्थल विवाद, निविदा प्रक्रिया निरस्त होने कारण एवं 39 कार्य, राज्य शासन के निर्देश दिनांक 20.12.2023 अनुसार कार्यो की पुनः समीक्षा हेतु रोक लगाने के निर्देश के परिप्रेक्ष्य में अप्रारंभ है। अप्रारंभ कार्यों की राशि वापस नहीं ली जा रही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

जिला मुंगेली में कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदन का निराकरण

[जन शिकायत निवारण]

39. (क्र. 2335) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली के कलेक्टर जनदर्शन में वर्ष 2020-21 से प्रश्न दिनांक तक विधानसभा क्षेत्र मुंगेली में कितने आवेदन प्राप्त हुये? **(ख)** प्राप्त आवेदनों पर क्या कार्यवाही की गई? कितने हितग्राहियों के आवेदनों का निराकरण किया गया? कितने शेष हैं? विकासखण्डवार जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जिला मुंगेली में कलेक्टर जनदर्शन (जन चैपाल) में प्रश्नावधि में कुल 3125 आवेदन प्राप्त हुए। **(ख)** प्राप्त, सभी आवेदनों पर विहित कार्यवाही करने, संबंधित विभागों / कार्यालयों को प्रेषित किया गया। इनमें से 3085 आवेदनों का निराकरण हो चुका है। निराकरण हेतु शेष 40 आवेदनों में से विकासखण्ड, मुंगेली के 36 आवेदन एवं पथरिया के 04 आवेदन है।

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में आंगनबाड़ी भवनों की अद्यतन स्थिति

[महिला एवं बाल विकास]

40. (क्र. 2336) श्री रामकुमार यादव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत कुल कितने आंगनबाड़ी व मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं? कितने केंद्रों का संचालन निजी भवनों में किया जा रहा है? विकासखंडवार जानकारी देवें। **(ख)** वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण हेतु कितने कार्य व राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है? पूर्ण-अपूर्ण सहित विवरण विकासखंडवार जानकारी देवें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत कुल 350 आंगनबाड़ी व 18 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। 278 आंगनबाड़ी व 15 मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों का

संचालन निजी भवनों में किया जा रहा है। विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। **(ख)** वर्ष 2021-22 से प्रश्नावधि तक आंगनबाड़ी/मिनी आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य व राशि की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

परिवहन विभाग में स्वीकृत पद

[परिवहन]

41. (क्र. 2355) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में परिवहन विभाग में परिवहन निरीक्षक/उप निरीक्षक, सहायक परिवहन अधिकारी, परिवहन अधिकारी व प्रथम श्रेणी के अन्य कौन-कौन से पद स्वीकृत, रिक्त व भरें हुए हैं? जिलेवार जानकारी देवें। **(ख)** वर्ष 2022 से उपरोक्त अधिकारियों के विरूद्ध किसको एवं क्या शिकायत की गई तथा इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? क्या जांच अधिकारी/समिति बनाई गई तो उनके निष्कर्ष क्या थे? वर्षवार जानकारी देवें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र 'ब'** अनुसार है।

अंतर्राज्यीय बस सेवा हेतु प्रदत्त अनुज्ञा

[परिवहन]

42. (क्र. 2356) श्री धरमलाल कौशिक : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2022 से नवम्बर, 2023 तक प्रदेश में अंतर्राज्यीय बस सेवा हेतु किन-किन बस संचालकों को कितनी-कितनी बस संचालन का लाईसेंस/अनुज्ञा, कितनी अवधि के लिये एवं कहां के लिए दी गयी है? वर्षवार, संचालनकर्तावार, बस की संख्यावार जानकारी देवें। **(ख)** कंडिका **(क)** अनुसार बसों के संबंध में परमिट संबंधी व इसके उल्लंघन की कब, किसको एवं क्या शिकायत की गई तथा इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गई? क्या जांच अधिकारी/समिति बनाई गई तो उनके निष्कर्ष क्या थे? वर्षवार, शिकायतवार जानकारी देवें। विभाग द्वारा भी किन-किन परमिट धारकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र 'अ'** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **प्रपत्र 'ब'** अनुसार है।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र

[महिला एवं बाल विकास]

43. (क्र. 2359) श्री मोतीलाल साहू : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है? **(ख)** प्रश्न ''क'' के अनुसार कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद रिक्त हैं? **(ग)** इन रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर ली जावेगी?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 252 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। **(ख)** रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 02 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा 13 आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त है। **(ग)** रिक्त पदों की पूर्ति के लिए समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

रायपुर जिले में कस्टम मिलर्स को धान प्रदान किया जाना

[खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण]

44. (क्र. 2360) श्री मोतीलाल साहू : क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर जिले में वर्ष 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में कस्टम मिलर्स को कितना-कितना धान प्रदान किया गया? वर्षवार जानकारी देवें। **(ख)** प्रश्न ''क'' के अनुसार मिलर्स द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में चावल जमा किया गया? **(ग)** क्या राईस मिलर्स का भौतिक सत्यापन किया गया ? यदि हां, तो प्रश्नांश अवधि में कब और किन-किन राईस मिलों का किया गया? **(घ)** प्रश्न ''ग'' के अनुसार किन-किन राईस मिलरों को अनियमितता के लिए दोषी पाया गया? उनके विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई?

खाद्य मंत्री (श्री दयालदास बघेल) : (क)रायपुर जिले के कस्टम मिलर्स को वर्ष 2020-21 में 7.36 लाख मेट्रिक टन, वर्ष 2021-22 में 10.99 लाख मेट्रिक टन तथा वर्ष 2022-23 में 10.87 लाख मेट्रिक टन धान प्रदाय किया गया है।**(ख)** रायपुर जिले के मिलर्स द्वारा वर्ष 2020-21 में 4.97 लाख मेट्रिक टन, वर्ष 2021-22 में 6.78 लाख मेट्रिक टन तथा वर्ष 2022-23 में 7.36 लाख मेट्रिक टन चावल जमा किया गया है। **(ग)** जी हाँ। राईस मिलर्स के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किये जाने की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है**। (**घ) जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत खदानों की अद्यतन स्थिति

[खनिज साधन]

45. (क्र. 2379) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत बाक्साईट के कितने खदान स्वीकृत हैं? कितने खदान प्रारम्भ कर कार्य प्रगति पर हैं व कितने खदान प्रारम्भ करने के उपरांत कार्यों को रोक दिया गया है? खदान प्रारम्भ कर कार्य रोक दिया गया है तो क्या राजस्व की कोई क्षति हुई है? यदि हाँ तो भविष्य में क्षति के रोकथाम व क्षतिपूर्ति हेतु शासन की कोई योजना हो तो अवगत करावें।

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत बाक्साईट हेतु कुल 12 खनिपट्टा स्वीकृत है। खदानो के कार्यशील एवं शिथिल की जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। जी नहीं, खनिज राजस्व की प्राप्ति खनिजों के प्रेषण मात्रा पर प्राप्त होती है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नही होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यरत एवं रिक्त पद

[महिला एवं बाल विकास]

46. (क्र. 2389) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में कितने आँगनबाड़ी एवं मिनी आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं? उन केन्द्रों में कितने बच्चे दर्ज हैं? **(ख)** प्रश्नांश **(क)** में पूछे गए केन्द्रों में कितने केन्द्र में आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका कार्यरत हैं? कितने पद रिक्त हैं? जानकारी प्रदान करें? **(ग)** कितने आँगनबाड़ी केन्द्र भवन युक्त एवं भवन विहीन हैं? जानकारी प्रदान करें? भवन युक्त कितने आँगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधा जैसे विद्युत, शौचालय एवं रैम्प की सुविधा है? भवन विहीन आँगनबाड़ी केन्द्र वर्तमान में कहां संचालित होते हैं? जानकारी प्रदान करें?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) प्रश्नांश अवधि में अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में 351 आंगनबाड़ी केन्द्र तथा 49 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित थे। इन केन्द्रों में 26294 बच्चे दर्ज थे। **(ख)** उक्त अवधि में 347 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद भरे थे एवं 4 पद रिक्त थे। मिनी आंगनबाड़ी

कार्यकर्ता के 49 पद भरे थे। आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 327 पद भरे थे एवं 24 पद रिक्त थे। **(ग)** प्रश्नांश ''ग'' के अनुसार 314 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन युक्त एवं 86 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन है। भवन युक्त केन्द्रों में मूलभूत सुविधा जैसे 140 केन्द्रों में विद्युत, 283 केन्द्रों में शौचालय की सुविधा है। स्वयं के 314 भवनों में रैम्प की सुविधा नहीं है। भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्र वर्तमान में किराये, अन्य एवं सामुदायिक सहयोग के भवन में संचालित होते हैं जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

किराये के भवन में संचालित आं.बा. केन्द्रों की संख्या	अन्य शासकीय भवनों में संचालित आं.बा. केन्द्रों की संख्या	सामुदायिक सहयोग के भवन में संचालित आं.बा. केन्द्रों की संख्या
63	12	11

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में मादक पदार्थो की बिक्री पर कार्यवाही

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

47. (क्र. 2390) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में विगत दो वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 31 जनवरी, 2024 की स्थित में अवैध शराब, गांजा एवं अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने के कितने मामले संज्ञान में आए? **(ख)** उन मामलों पर दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गयी?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) आबकारी विभाग द्वारा अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में विगत दो वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 में 31 जनवरी, 2024 की स्थित में अवैध शराब, गांजा एवं अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने के दर्ज प्रकरण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** दर्ज मामलो में दोषियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है। **[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]**

जिला जांजगीर-चांपा में दिव्यागों हेतु उपकरण क्रय में व्यय राशि

[समाज कल्याण]

48. (क्र. 2391) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चाम्पा में विगत दो वर्षों में 2022-23 एवं 2023-24 में जनवरी, 2024 तक दिव्यांगों के उपकरण वितरित करने के लिए कितनी राशि व्यय की गयी एवं कौन-कौन से उपकरण खरीदे गए व कितने दिव्यांगों को इसका लाभ मिला? संख्या बताएं?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : (क) जिला जांजगीर-चांपा में विगत दो वर्षों में 2022-23 एवं 2023-24 में जनवरी, 2024 तक दिव्यांगों को उपकरण वितरित करने के लिए कुल राशि रूपये 23,49,416/- (शब्दों में- तेइस लाख उन्नचास हजार चार सौ सोलह रूपये मात्र) व्यय की गयी एवं श्रवण यंत्र, बैशाखी, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, मोटराईज्ड ट्रायसायकल खरीदे गए है जिसमें कुल 229 दिव्यांगजनों को लाभ मिला है।

जिला जॉजगीर-चांपा में खनिज न्यास द्वारा राशि आबंटन

[खनिज साधन]

49. (क्र. 2392) श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर-चाम्पा में जिला खनिज न्यास से पेयजल आपूर्ति, कृषि एवं अन्य गतिविधियां, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण, कृषि एवं अन्य संबंधित गतिविधियां एवं शिक्षा मद में विगत तीन वर्षों में 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 में कितनी-कितनी राशि प्राप्त हुई? विभागों को कितनी-कितनी राशि आबंटित

की गई? **(ख)** प्रश्नांश अवधि में संबंधित विभागों द्वारा किस-किस कार्य में राशि को व्यय किया गया? उक्त कार्यों के लिए कार्य आदेश जारी करने के लिए किस प्रक्रिया का पालन किया गया? किन-किन फर्मों को कितनी-कितनी राशि के लिए कार्य आदेश जारी किया गया? क्या-क्या सामाग्री क्रय की गयी? क्या भुगतान पूर्व गुणवत्ता जाँच की गई? गुणवत्ता विहीन सामग्री पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गयी?जानकारी उपलब्ध कराएं?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी नहीं। जिला खनिज न्यास में कार्य/मदवार राशि प्राप्त नहीं होती है। अपितु जिला जांजगीर-चांपा में जिला खनिज न्यास मद में वित्तीय वर्ष 2021-22 में 171.61 करोड़, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 126.93 करोड़ एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 (दिसम्बर 2023 तक) 29.80 करोड़ राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि में से प्रश्नांश 'क' में वर्णित विभिन्न विभागों को आबंटित/स्वीकृत राशि की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ''** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांकित अवधि में संबंधित विभागों द्वारा स्वीकृत कार्यों पर व्यय की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब''** अनुसार है। उक्त कार्यो के लिए कार्य आदेश जारी करने के लिए छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है। सामग्री क्रय हेतु फर्मो को जारी कार्य आदेश राशि की जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स''** अनुसार है। भुगतान के पूर्व गुणवत्ता जांच की गई है। गुणवत्ता विहिन सामग्री संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं है। अतः शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता है।

वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने की निर्धारित प्रक्रिया

[परिवहन]

50. (क्र. 2399) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या वर्ष 2021-22 से परिवहन विभाग द्वारा फिटनेश प्रमाण पत्र जारी करने के लिए वाहनों को फिटनेश परीक्षण हेतु निर्धारित केंद्रों में बुलाकर वाहन का फ़ोटो आनलाईन अपलोड किया जाता है? यदि हाँ तो किस नियम/ प्रावधानों पर ? क्या वाहन के फिटनेस प्रमाण पत्र के लिए यह अनिवार्य है ? **(ख)** प्रश्नांश "क" के लिए वाहन को निर्धारित परीक्षण केंद्र/स्थल पर लाये जाने की पुष्टि के प्रमाणीकरण की प्रक्रिया क्या निर्धारित है? **(ग)** क्या निर्धारित केंद्रों में वाहन को लाये बिना भी फ़िटनेस सर्टिफिकेट जारी किये जाने का नियम है ? यदि नहीं, तो क्या प्रश्नांकित अवधि में नियम विरुद्ध फ़िटनेस सर्टिफिकेट जारी करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं अथवा विभाग के संज्ञान में आयी है ? नियम विरुद्ध प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ? जानकारी उपलब्ध करावें ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हाँ। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के राजपत्र क्रमांक-797(अ) दिनांक 31.10.2022 के तहत आटोमेटेड फिटनेस स्टेशन के माध्यम से वाहनों की तकनीकी जांच के लिए निर्धारित मापदण्डों के परीक्षण के लिए चित्र अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया है। जी हॉ अनिवार्य है। **(ख)** जी हॉ। **(ग)** जी नहीं। कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है, शेष प्रश्नांष उपस्थित नही होता है।

तहसील धमधा के ग्राम नंदनी खुंदनी में स्वीकृत चूना पत्थर का खनिज पट्टा

[खनिज साधन]

51. (क्र. 2402) श्री सुशांत शुक्ला : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या जिला दुर्ग तहसील धमधा के ग्राम नंदनी खुंदनी में खसरा नंबर 1924/2 रकबा 4.80 हे. भूमि में चूना पत्थर उत्खनन हेतु खनिज पट्टा दिनांक 16/01/2015 से 15/01/2045 तक के लिए स्वीकृत किया गया था? यदि हाँ, तो खनिज पट्टाधारी का नाम पता सहित जानकारी उपलब्ध करावें? **(ख)** क्या उक्त खनिज पट्टा मेसर्स ए.पी. डेवलपर्स दुर्ग को हस्तान्तरित किया गया है ? यदि हाँ, तो कब एवं किन नियमों/प्रावधानों के तहत ? खनिज पट्टा हस्तांतरण नियम की प्रति उपलब्ध करावें ? **(ग)** क्या खनिज पट्टा हस्तांतरण के समय पूर्व पट्टाधारी को सूचना दी गई थी? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं तो क्यों ? **(घ)** क्या उक्त खनिज पट्टा नियम विरुद्ध

हस्तांतरित करने एवं अवैध उत्खनन करने के सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त हुई यदि हाँ, तो क्या कार्यवाही की गई?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) जी हाँ। जिला दुर्ग तहसील धमधा के ग्राम नंदिनी-खुंदनी के खसरा क्रमांक 1924/2 रकबा 4.80 हे0 भूमि पर मुख्य खनिज चूनापत्थर का खनिपट्टा दिनांक 16.01.2015 से 15.01.2045 तक के लिए श्री विरेन्द्र चोपड़ा आ. स्व. सुरेन्द्र चोपड़ा, निवासी न्यू-खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग(छ0ग0) के पक्ष में स्वीकृत था। **(ख)** जी हाँ। उक्त खनिपट्टा को मेसर्स ए.पी.डेवलपर्स, दुर्ग को खान एवं खनिज(विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957(यथा संशोधित) की धारा 12ए(2) सहपठित खनिज (परमाणु और हाईड्रोकार्बन ऊर्जा खनिज से भिन्न) रियायत नियम, 2016 (यथा संशोधित) के नियम 23(2) के प्रावधानांतर्गत छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के आदेश पत्र क्रमांक एफ 4-22/2020/12, दिनांक 25.07.2023 द्वारा शेष अवधि के लिए हस्तांतरण किया गया है। खनिपट्टा हस्तांतरण नियम की प्रति **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** खनिपट्टा हस्तांतरण हेतु मूल पट्टेधारी श्री विरेन्द्र चोपड़ा आ. स्व. सुरेन्द्र चोपड़ा, निवासी न्यू-खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग (छ0ग0) एवं मेसर्स ए.पी. डेवलपर्स, दुर्ग द्वारा नियमानुसार संयुक्त रूप से दिनांक 29.06.2021 को आवेदन प्रस्तुत किया गया था। अतः खनिपट्टा हस्तांतरण के समय पूर्व पट्टाधारी को सूचना दिया जाने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता **(घ)** उक्त खनिपट्टा नियम विरूद्ध हस्तांतरित करने एवं अवैध उत्खनन करने के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है परन्तु श्री विरेन्द्र चोपड़ा आत्मज श्री सुरेन्द्र चोपड़ा, निवासी खुर्सीपार, भिलाई, जिला दुर्ग(छत्तीसगढ़) के द्वारा दिनांक 30.01.2024 को सचिव, खनिज साधन विभाग के समक्ष एक अपील/अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है जिसकी ग्राह्यता के बिन्दु पर विचार किया जा रहा है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

उद्योगों पर बकाया विद्युत देयक की वसूली

[ऊर्जा]

52. (क्र. 2404) डॉ. चरण दास महंत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में प्रदेश के कितने-कितने उद्योगों पर निम्न दाब तथा उच्च दाब कनेक्शन के विद्युत देयक की कितनी-कितनी राशि बकाया थी ? **(ख)** बकाया राशि की वसूली हेतु क्या-क्या कार्यवाहियां, कितने-कितने उद्योगों के विरूद्ध की गई तथा उसके परिणाम क्या-क्या रहे ? **(ग)** क्या आर. आर. सी. भी जारी की गयी हैं?यदि हां, तो उन पर कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या-क्या है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) 31 दिसम्बर, 2023 की स्थिति में प्रदेश के निम्नदाब के 23,709 एवं उच्चदाब के 597, कुल 24,306 उद्योगों के विरूद्ध क्रमशः लगभग रूपये 9,946 लाख एवं लगभग रूपये 52,397 लाख, कुल राशि लगभग रूपये 62,343 लाख बकाया है। **(ख)** बकाया राशि की वसूली हेतु 16,041 सक्रिय औद्योगिक उपभोक्ताओं में से 10,235 उपभोक्ताओं की लाईन विच्छेदित की गई, जिसके परिणाम स्वरूप 7,620 उपभोक्ताओं से लगभग रूपये 9,019 लाख की राशि प्राप्त हुई। इसी तरह 8,265 निष्क्रिय औद्योगिक उपभोक्ताओं के विरूद्ध ड्यूस रिकवरी एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए 1,427 उपभोक्ताओं को बी फार्म, 273 उपभोक्ताओं को सी फार्म एवं 82 उपभोक्ताओं को आर.आर.सी. जारी किए गए। उक्त कार्यवाही के परिणाम स्वरूप 243 उपभोक्ताओं से लगभग राशि रूपये 82 लाख प्राप्त हुए। **(ग)** जी हां। 82 उपभोक्ताओं के विरूद्ध आर.आर.सी. जारी की गई है। जारी की गई आर.आर.सी. के तहत कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

खनिज जांच चौकियों में धरमकांटा की व्यवस्था

[खनिज साधन]

53. (क्र. 2405) डॉ. चरण दास महंत : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में स्थापित खनिज जांच चौकियों के स्थान जिलावार बताइए ? इन जांच चौकियों के लिए कर्मचारियों की

स्वीकृत, कार्यरत तथा रिक्त पद संख्या क्या-क्या है ? **(ख)** किन-किन खनिज जांच चौकियों पर धरमकांटा की व्यवस्था है? उनमें से कितने चालू तथा कितने बंद हैं ? जहां धरमकांटा नहीं है क्या वहां इसकी स्थापना की जाएगी ? **(ग)** क्या खनिज जांच चौकियों पर कैमरे भी लगाए गए हैं ? यदि नहीं तो क्या लगाए जाएंगे ? **(घ)** खनिज जांच चैकियों पर किन-किनअभिलेखों का संधारण किया जाता है तथा उसकी जांच किसके द्वारा, कब-कब की जाती है ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) प्रदेश में स्थापित खनिज जांच चैकियों की जिलावार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित जांच चैकियों के लिए सुरपरवाईजर के 90 एवं सिपाही के 180 पद स्वीकृत है, जिसमें वर्तमान में 26 सुपरवाईजर एवं 49 सिपाही पदस्थ है तथा सुपरवाईजर के 64 पद एवं सिपाही के 131 पद रिक्त है। **(ख)** जिला कोरबा के 04 उरगा, चेपारानी, रामपुर, सरईश्रृंगार एवं जिला रायगढ़ के 01 कुंजेमुरा खनिज जांच चैकियों में धरम कांटा स्थापित है सभी धरमकांटा वर्तमान में तकनीकी खराबी के फलस्वरूप बंद है। धरमकांटा आवश्यकता के अनुरूप स्थापित किया गया है, शेष प्रश्न उपस्थित नहीं होता। **(ग)** जांच चैकियों में कैमरा लगाये जाने का कोई प्रावधान नहीं है।**(घ)**खनिज जांच चैकियों में अभिवहन पास जांच संबंधी पंजी तथा कार्यरत कर्मचारी उपस्थिति पंजी के अभिलेख का संधारण किया जाता है एवं परिभ्रमण के समय प्रभारी खनि निरीक्षक एवं खनि अधिकारी द्वारा समय समय पर जांच किया जाता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

जिला-जांजगीर-चांपा अंतर्गत देशी शराब की बिक्री से प्राप्त राजस्व

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

54. (क्र. 2416) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक प्रतिमाह देशी शराब की बिक्री की मात्रा, मूल्य तथा प्राप्त राजस्व की राशि बताएं ? **(ख)** इस अवधि में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अवैध शराब के कितने प्रकरण प्रकाश में आए तथा कितनी मात्रा में देशी शराब की जब्ती हुई? क्या-क्या कार्यवाही की गई ? क्या-क्या दण्ड दिया गया ? **(ग)** 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में अवैध शराब के कुल कितनें प्रकरण लम्बित थे ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क) अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक प्रतिमाह देशी शराब की बिक्री की मात्रा, मूल्य तथा प्राप्त राजस्व की जानकारी **संलग्न प्रपत्र अ** अनुसार है। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अवैध शराब के 363 प्रकरण दर्ज किये गये है, जिसमें देशी शराब की 76.76 लीटर, विदेशी शराब की 19.14 लीटर एवं महुआ शराब की 6655.21 लीटर कुल 6751.11 लीटर जप्त की गयी है। की गयी कार्यवाही एवं दिये गये दण्ड की प्रकरणवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ब** अनुसार है। **(ग)** 31 जनवरी, 2024 की स्थिति में अवैध शराब के कुल 80 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत करने से लम्बित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर तथा उड़नदस्तों से प्राप्त राजस्व

[परिवहन]

55. (क्र. 2418) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अन्तर्राज्यीय सीमाओं पर बैरियर की पुनः स्थापना करने के कारण वर्ष 2019-2020 से 2022-23 तक कितना-कितना राजस्व प्राप्त हुआ? वर्षवार तथा बैरियरवार बताएं ? **(ख)** उड़न दस्तों को पुनः संचालित करने के कारण 2022-23 तक कितना-कितना राजस्व प्राप्त हुआ? वर्षवार बताएं ? **(ग)** उक्त दोनों प्रकार से वर्ष 2023-24 में जनवरी, 2024 तक माहवार कितना-कितना राजस्व प्राप्त हुआ? पृथक-पृथक बताएं ?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : (क), (ख) एवं (ग) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

जिला राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान नियम, 1991 के अनुसार कार्यवाही

[परिवहन]

